राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

सूर्योदय भास्कर

उजाला सच का

CBC Newspaper Code : 134575

RNI Regn, No. : UPHIN/2023/84452

WEB SITE : SURYODAY BHASKAR.IN | E-mail : suryodyabhaskar2@gmail.com | PHONE : 7007784396

लखनऊ | सोमवार 02 नवंबर 2026 | वर्ष : 03 अंक : 210 पृष्ठ : 08 | मूल्य : 01 रुपया

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर पीएम मोदी का सीएम साय को पत्र, नक्सलवाद के खात्मे से विकास तक की सराहना

>> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नक्सलवाद के खात्मे, विकास योजनाओं, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण और आधुनिक अधोसंरचना की सराहना की। मुख्यमंत्री ने आभार जताते हुए विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प दोहराया।



रायपुर । छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आत्मीय पत्र लिखकर प्रदेश के तीन करोड़ नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने पत्र में छत्तीसगढ़ से अपने दशकों पुराने जुड़ाव, प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, नक्सलवाद के विरुद्ध मिली निर्णायक सफलता और विकास के क्षेत्र में हो रहे बदलावों का उल्लेख किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री के शुभकामना पत्र के लिए प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का स्नेह, विश्वास और मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ को समृद्ध, सशक्त एवं विकसित बनाने की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान करता है।

अटल जी के नेतृत्व में हुआ छत्तीसगढ़ का गठन

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए कहा कि 26 वर्ष पूर्व उनके दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था। इस ऐतिहासिक निर्णय ने लाखों नागरिकों की दशकों पुरानी आकांक्षाओं को साकार किया और प्रदेश के विकास की नई यात्रा शुरू हुई।

उन्होंने छत्तीसगढ़ से अपने व्यक्तिगत जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन के दिनों से ही प्रदेश के प्रति उनका विशेष लगाव रहा है। अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से सरगुजा के वनांचलों से लेकर बस्तर की धरती तक की यात्राओं में उन्होंने यहां की संस्कृति और जनजीवन को करीब से जाना है। छत्तीसगढ़ की सरलता, सहजता, परिश्रमशीलता और जीवंत सांस्कृतिक परंपराएं उन्हें सदैव प्रेरित करती रही हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष राज्य की रजत जयंती के अवसर पर अपने छत्तीसगढ़ प्रवास और नए विधानसभा भवन के लोकार्पण का भी स्मरण किया।

नक्सलवाद के खात्मे से बस्तर में शांति और विकास का नया वातावरण

प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद के विरुद्ध मिली सफलता को प्रदेश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण परिवर्तन बताया। उन्होंने कहा कि कभी नक्सलवाद के रेड कॉरिडोर के रूप में पहचाने जाने वाले क्षेत्र आज शांति, विश्वास और विकास के नए केंद्र बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के साहस और स्थानीय जनता के सहयोग से बस्तर को माओवादी आतंक से मुक्त कराने का संकल्प पूरा हुआ है। बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन इस बदलाव के प्रतीक हैं। नियद नेल्ला नार, आजीविका उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर जैसी पहलें स्थानीय नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं और विकास के नए अवसरों से जोड़ रही हैं।

मुख्यमंत्री साय ने भी अपने आभार पत्र में कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध ऐतिहासिक सफलता से बस्तर की पहचान बदल रही है। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से दूरस्थ गांवों तक सड़क, बिजली, पेयजल, संचार और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जनजातीय क्षेत्रों में विकास को नई गति मिली है।

प्रदेश में 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक रेल सेवाएं शुरू की गई हैं। सड़क निर्माण के विस्तार से रायपुर और बिलासपुर के बीच यात्रा का समय लगभग आधा हो गया है। रायपुर-विशाखापत्तनम और रांची-धनबाद जैसे प्रमुख आर्थिक केंद्रों को जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे आने वाले समय में कनेक्टिविटी, उद्योग और रोजगार को नई गति देंगे।

मुख्यमंत्री साय ने भी आधुनिक अधोसंरचना के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से आवागमन, निवेश और रोजगार के अवसरों का विस्तार हो रहा है।

73 लाख परिवारों को मुफ्त राशन, 22 लाख से अधिक आवास

प्रधानमंत्री ने पत्र में जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के 73 लाख जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 22 लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण पूरा हुआ है। 41 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचा है और करीब 40 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन मिले हैं। लगभग ढाई करोड़ आयुष्मान कार्डों के माध्यम से नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने भी अपने पत्र में इन योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त राशन, पक्के आवास, नल से जल और स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि प्रदेश के

25 लाख से अधिक किसानों को उपज का बेहतर मूल्य

प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में धान खरीदी की मजबूत व्यवस्था से 25 लाख से अधिक किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल रहा है। इससे किसानों की समृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

रेल, सड़क और हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में आधुनिक अधोसंरचना के विस्तार को विकास की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष पहले दिल्ली और रायपुर के बीच दिनभर में केवल एक उड़ान उपलब्ध थी, जबकि आज प्रदेश में चार आधुनिक हवाई अड्डों का नेटवर्क है।

25 लाख से अधिक धान उत्पादक किसानों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना से किसानों को आर्थिक संबल मिलने के साथ कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

महतारी वंदन योजना से 68 लाख महिलाओं को आर्थिक संबल

प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत 68 लाख से अधिक माताओं-बहनों के बैंक खातों में प्रतिमाह एक हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। इससे महिलाओं को आर्थिक संबल मिलने के साथ परिवार और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने भी कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से लगभग 68 लाख महिलाओं को आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे उनके स्वावलंबन और आत्मसम्मान को मजबूती मिली है।

भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट-एक्सपो

आज प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन, 130 देशों के लोग होंगे शामिल; जानिए शेड्यूल



नई दिल्ली – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार, 2 नवंबर 2026 को भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट और एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। यह चार दिवसीय शिखर सम्मेलन 2 से 5 नवंबर 2026 तक भारत मंडपम में आयोजित होगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री शाम करीब 4:30 बजे इसका शुभारंभ करेंगे। इस शिखर सम्मेलन का विषय 'निवेश करें। नवाचार करें। प्रेरित करें' रखा गया है। भारत आरई 2026 में 130 से अधिक देशों के प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें 40 से अधिक मंत्री, नीति-निर्माता, निवेशक, वित्तीय संस्थान और उद्योग नेता मौजूद रहेंगे। यह आयोजन स्वच्छ ऊर्जा निवेश, उद्योग जुड़ाव और प्रौद्योगिकी साझेदारी के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करेगा। ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम इसमें भागीदार देश के रूप में हिस्सा लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 नवंबर 2026 को भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट और एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। यह वैश्विक मंच स्वच्छ ऊर्जा निवेश और साझेदारी पर केंद्रित होगा।

कौन से राज्य अपनी क्षमता दिखाएंगे?

आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। ये राज्य अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताएं प्रस्तुत करेंगे। साथ ही, वे निवेश के आकर्षक अवसर भी उजागर करेंगे। अपनी विनिर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन कर वे वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेंगे।

अन्य महत्वपूर्ण आयोजन क्या हैं?

यह शिखर सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) असेंबली के 9वें सत्र के साथ आयोजित होगा। इसके साथ ही हरित हाइड्रोजन पर चौथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएचजी) भी चलेगा। जहां भारत आरई स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में निवेश और साझेदारी पर केंद्रित होगा, वहीं आईएसए असेंबली सौर ऊर्जा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देगी। इसमें वित्त और संस्थागत क्षमता जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल होंगे।

सार संक्षेप

दुनिया को युद्ध नहीं, कूटनीति से समाधान चाहिए : एस जयशंकर



अटलांटा। भारत ने जी-20 देशों से अनुरोध किया है कि विभिन्न संघर्षों के समाधान का रास्ता डिप्लोमेसी यानी कूटनीति से निकाला जाए। उन्होंने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के साथ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित होने से बचाने के लिए ठोस प्रयास करने का आग्रह किया है। जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद भारतीय पत्रकारों से विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत अपने प्रयासों में अमेरिका के साथ तालमेल बिठा रहा है।

ईपीएफओ की व्हाट्सएप सेवाओं का शुभारंभ



नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में अपना 74वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने ईपीएफओ की दो नई सेवाओं की घोषणा की। सदस्य अब ईपीएफओ की सत्यापित व्हाट्सएप सेवा के माध्यम से अपने पीएफ बैलेंस, हाल की लेनदेन जानकारी और पासबुक संबंधी विवरण प्राप्त कर सकेंगे।

एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय बाजार से 24,475 करोड़ निकाले

मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर 2026 में भारतीय पूंजी बाजार से 24,475 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। यह लगातार दूसरा महीना रहा जब एफपीआई पूंजी बाजार में बिकवाल रहे हैं।

निजीकरण के विरोध में उतरे बैंक कर्मचारी

मुंबई, । आईडीबीआई बैंक के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। बैंक के 10,000 से अधिक कर्मचारी 2 और 3 नवंबर को देशव्यापी दो दिवसीय हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। यह हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज के आह्वान पर बुलाई गई है, जो बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है। कर्मचारी संगठन ने केंद्र सरकार और बैंक प्रबंधन से निजीकरण की प्रक्रिया को वापस लेने की



- आईडीबीआई बैंक के कर्मचारियों की आज से हड़ताल
- निजीकरण की प्रक्रिया को वापस लेने की मांग

मांग की है। संगठन का कहना है कि आईडीबीआई बैंक का पुनरुद्धार (टर्नअराउंड) किसी निजी निवेश के कारण नहीं, बल्कि सरकार, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों से संभव हुआ है। यूनियन ने अपने बयान में कहा कि वित्तीय संकट के दौर में कर्मचारियों ने ग्राहकों का भरोसा बनाए रखा, बैंकिंग परिचालन को सुचारु रखा और संस्थान को दोबारा मजबूत स्थिति में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बैंक की वित्तीय स्थिति सुधारी

यूनियन का दावा है कि पिछले कुछ वर्षों में बैंक की वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। संगठन के मुताबिक, पिछले छह वर्षों में बैंक ने 30,100 करोड़ रुपए से अधिक का संचयी शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर दो अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली, । चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में पीलीभीत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 127 की मतदाता सूची तैयार करने में अनियमितता बरतने के मामले में दो अधिकारियों के तत्काल प्रभाव से निलंबन के आदेश दिए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों के साथ-साथ एक कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ पहले दायर की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में कुछ नयी धारा जोड़ने के भी निर्देश दिए हैं। आयोग की अवर सचिव दीपमाला द्वारा भेजे गए पत्र में निर्देश है कि पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में अनियमितता के आरोप में मतदाता पंजीयन अधिकारी मयंक गोस्वामी और हेमंत चौधरी को तत्काल निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ आरोपपत्र जारी कर उसकी प्रति आयोग को भी भेजी जाए।

पीलीभीत में मतदाता सूची में अनियमितता का है मामला

वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर फिर हुआ महंगा

नई दिल्ली, । त्योहारों से पहले वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर के दाम एक बार फिर बढ़ गए हैं, हालांकि घरेलू इस्तेमाल वाले सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों ने रविवार से दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ाकर 2,820 रुपए कर दी है।



- अगस्त के बाद यह लगातार तीसरी बार बढ़े दाम
- दिल्ली में 10 रुपए बढ़कर 2,820 रुपए हुई कीमत

अक्टूबर में इसकी कीमत 2,810 रुपए थी। इस प्रकार दिल्ली में यह 10 रुपए महंगा हुआ है। अन्य शहरों में भी कीमतों में कर और परिवहन लागत के आधार पर थोड़े-बहुत अंतर के साथ लगभग इतनी ही बढ़ोतरी की गई है। इस साल अगस्त के बाद यह लगातार तीसरी बार है जब वाणिज्यिक रसोई गैस महंगी हुई है। तीन बार में दिल्ली में इसकी कीमत 82 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ी है। गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट की शुरुआत के बाद से ही वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम ऊपर बने हुए हैं।

एक हफ्ते के भीतर दूसरा चक्रवाती तूफान

कल आंध्र तट से टकरा सकता है चक्रवाती तूफान 'मुरासु'

चेन्नई, । मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव रविवार को तीव्र होकर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इस चक्रवात का नाम 'मुरासु' रखा गया है। यह आंध्र प्रदेश के तट की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह तूफान कल तक और भीषण होकर गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा और 2 नवंबर की मध्यरात्रि से 3 नवंबर 2026 की तड़के के बीच आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किमी प्रति घंटे और झोंकों के साथ 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है। एक हफ्ते के भीतर बंगाल की खाड़ी में यह दूसरा चक्रवाती तूफान है। इससे पहले 26 अक्टूबर को चक्रवात 'अर्नब' उठा था। यह 28 अक्टूबर को आंध्र के तट से टकराया था। इसके कारण आंध्र प्रदेश, ओडिशा सहित देश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश हुई थी। आंध्र प्रदेश अभी इससे हुए नुकसान से उबर भी नहीं पाया और अब मुरासु नाम के नए चक्रवात का सामना करने की तैयारी कर रहा है। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना यह मौसम प्रणाली पिछले छह घंटों के दौरान 23 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया।



- इससे पहले चक्रवात 'अर्नब' का सामना करना पड़ा था

ओडिशा के गंजाम में बाढ़ जैसे हालात

ओडिशा के गंजाम और गजपति जिले में पिछले एक हफ्ते से बाढ़ जैसे हालात हैं। राज्य अभी चक्रवात 'अर्नब' से हुए नुकसान से उबर ही रहा है। नए तूफान के कारण फिर से भारी बारिश हो सकती है। खतरे को देखते हुए ओडिशा सरकार ने निचले और पहाड़ी इलाकों को खाली करने का आदेश दिया है।

अब डासना जेल में रहेंगे आजम खान

अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

गाजियाबाद, । समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को रविवार को ईडी ने जौहर ट्रस्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गाजियाबाद की पीएमएलए की विशेष अदालत में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया। जहां से उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच 14 दिन की न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेज दिया गया। पेशी के दौरान आजम खान पूरी तरह से शांत दिखे। मीडिया द्वारा पूछे गए



- अब कहने को बचा ही क्या है : आजम

सवाल पर उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि अब कुछ कहने को बचा क्या है। आजम खान को ईडी की टीम ने रामपुर जेल से बाहर आते ही जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद ईडी टीम उन्हें दिल्ली स्थित मुख्यालय ले गई और रात भर वहीं पर रखा। ईडी सूत्रों के मुताबिक इस दौरान आजम खान से ईडी ने पूछताछ की। उनसे करीब 50 से 52 सवाल उनसे पूछे गए । रविवार की ईडी ने आजम खान को गाजियाबाद की विशेष पीएमएल अदालत में पेश किया।

मणिपुर में 5 लोगों की मौत

इंफाल, । । मणिपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। नोनी जिले के केकरू नगा गांव में दो हथियारबंद गुटों के बीच कई घंटे तक गोलीबारी हुई। इसमें कुकी समुदाय के 3 लोगों की जान चली गई। वहीं, कांगपोकपी जिले में 29 अक्टूबर से लापता दो युवकों के शव रविवार को मिले। दोनों युवक ताफो कुकी गांव से लापता हुए थे। पहाड़ी इलाके में मिले शवों की पहचान की जा रही है। इस साल मणिपुर में हिंसा से जुड़ी घटनाओं में करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है। नोनी जिले के केकरू नगा गांव में शनिवार सुबह दो विरोधी गुटों के बीच गोलीबारी शुरू हुई। पहाड़ी और जंगली इलाके में कई घंटे तक दोनों तरफ से गोलियां चलती रहीं। पुलिस ने कहा कि इलाके में हालात काबू में रखने के लिए जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

- दो लापता लोगों के शव मिले

अनुमान — पांच प्रमुख आकर्षणों के साथ सजेगी रामनगरी

राम मंदिर में एक लाख दीपों से मनेगा दीपोत्सव

अयोध्या, । रामनगरी का दीपोत्सव इस बार दीपों की रोशनी के साथ रामकथा और देश की सांस्कृतिक विविधता का भी उत्सव बनेगा। राम की पैड़ी पर दसवें दीपोत्सव के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में सातवीं बार आयोजन होगा। छोटी दीपावली पर राममंदिर परिसर करीब एक लाख दीपों से जगमगाएगा।

इसके लिए एक हजार वालंटियर्स की टीम बनाई गई है। पूरे परिसर को पांच जोन में बांटकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार दीपोत्सव के पांच प्रमुख आकर्षण होंगे। रामलला मंदिर, परकोटा, ग्रीन हाउस, यज्ञशाला, कुबेर टीला, सप्तमंडप, पंचवटी, दर्शन मार्ग और यात्री सुविधा केंद्र समेत पांच जोन में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। पहले दो जोन में 30-30 हजार से अधिक, तीसरे में 14 हजार से अधिक तथा चौथे और पांचवें जोन में 13-13 हजार दीप



- रामकथा की 14 झांकियां बनेंगी आकर्षण

जलाए जाएंगे। करीब एक हजार वालंटियर्स के साथ पुलिस और सीआरपीएफ भी व्यवस्था में सहयोग करेंगे। संस्कृति विभाग की ओर से रामायण के सातों कांडों पर आधारित 14 झांकियां तैयार की जा रही हैं। इनमें बालकांड से उत्तरकांड तक के प्रमुख प्रसंग 3डी मॉडल के जरिए प्रदर्शित होंगे। पुत्रेष्टि यज्ञ, सीता स्वयंवर, राम वनगमन, शबरी प्रसंग, लंका दहन, राम-रावण युद्ध, संजीवनी और रामराज्य स्थापना जैसे दृश्य आकर्षण होंगे।

लोक नृत्यों का लोक कलाओं से होगा संगम

झांकियों में उत्तर प्रदेश के सात सांस्कृतिक अंचलों के लोकनृत्य दूसरे राज्यों की लोककलाओं के साथ प्रस्तुत होंगे। अयोध्या की फरुवाही के साथ उत्तराखंड का छोलिया, अवध के ढेढिया के साथ मध्य प्रदेश का मटकी, पूर्वांचल के धोबिया के साथ हरियाणा की घूमर, सोनांचल के करमा के साथ छत्तीसगढ़ का छाऊ, बुंदेलखंड के राई के साथ गुजरात का गरबा-डांडिया, ब्रज के मयूर के साथ असम का बीहू और पश्चिमांचल के गूजरी के साथ राजस्थान का कालबेलिया नृत्य शामिल होगा।

15 दिनों से पानी को तरस रहे पेरिया कोडर गाँव वासी हर घर जल जीवन मिशन योजना बनी मजाक



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर । मछरेहटा विकास खंड की ग्राम पंचायत पेरिया कोडर ग्राम में प्रधान मंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जलजीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को स्वच्छ जल आपूर्ति के हेतु हर घर जल योजना शुरू की गई जिसमें ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिल सके । लेकिन प्रधान मंत्री की महत्वाकांक्षी योजन को जिम्मेदार अधिकारियों ने सिर्फ कागजों पर खाना पूर्ति करके सरकार को गुमराह करने से नहीं चूक रहे मामला मछरेहटा के ग्राम पंचायत पेरिया कोडर में तो गांव वालों की कोई सुनने वाला नहीं है पिछले 20 अक्टूबर से आज तक पानी गाँव में आया ही नहीं , गांव के अम्बरीष श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले बारह दिनों से गांव में पानी नहीं आया शिकायत करने पर पता चला कि पम्पसेट का मोटर जल गया है । वही गांव की कमला देवी ने बताया कि नियमिल जल आपूर्ति नहीं होती पानी कभी कभार ही आता है पानी टंकी में न भरकर सीधे सप्लाई की जा रही जिससे पानी प्रेशर से नहीं आता । पानी न आने से लोगों को पेयजल की समस्या बनी हुई है।

*क्या बोले जिम्मेदार *इस संबंध में जब अवर अभियंता जल निगम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही मोटर मरम्मत करवाकर पेयजल सप्लाई चालू होगी।

बारूदों का ढेर मचा सकता है तबाही यदि जिम्मेदारों ने की लापरवाही

चोरी चोरी चुपके चुपके लगा रहे आतिशबाजी के तमाशों का स्टाक

सूर्योदय भास्कर संवाददाता

जगदीशपुर अमेठी। दीपावली का त्यौहार आते ही पटाखा व्यवसायी बारूदों का ढेर जमाकर आतिशबाजी के सामान बनाने मे रात दिन जुटे हुए है मानक के विपरीत गोला बारूदों का ढेर लगाकर एकांत स्थान पर डंप कर रहे हैं ऐसी स्थिति मे यदि जिम्मेदारों ने निरीक्षण मे जरा भी लापरवाही किया तो जमा बारूदों का ढेर तबाही मचा सकता है।

विकास खंड के अंतर्गत जगदीशपुर बाजार, हारीमऊ, कठौरा कमरौली, वारिसगंज, रानीगंज, आनंद नगर आदि स्थानों मे पटाखा व्यवसायी चोरी चुपके एकांत स्थान पर बारूदों का ढेर जमा करके गोला पटाखा हवाई आदि आतिशबाजी के सामान बनाकर इकट्ठा करने में लगे हुए हैं इन्हे ना तो नियम कानून का खौफ है ना ही अपनी जिंदगी का भारी मात्रा मे जमा बारूद यदि जरा भी चूक हुई तो जान जोखिम मे पड सकती है साथ ही साथ आसपास के लोगों को भी इसका परिणाम भोगना पड सकता है जैसा कि विगत वर्षों में बारूदों मे लगी आग के चलते हुसैन गंज खैरातपुर मे घटी घटना मे कुछ लोगो को जान से भी हाथ धोना पडा था गौरतलब हो कि कुछ गिने चुने लोगों के ही लाइसेंस मौजूद है अधिकतर लोग बगैर लाइसेंस के कमाऊ धंधा चटका रहे हैं पटाखा व्यवसाइयों द्वारा जमा किए जा रहे बारूदों के ढेर का दौर यदि इसी रफ्तार से चलता रहा जिम्मेदारों ने गौर ना किया तो किसी बडी घटना घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता।इस संबंध मे एसडीएम मुसाफिर खाना ने बताया कि जल्द ही पटाखा व्यवसाइयों के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर अनियमता पाए जाने पर कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बीज, डीजल और पेट्रोल की सप्लाई बंद हुई तो अन्न के लिए तरस जाएगा भारत : ऋतेश्वर जी महाराज

धीरेन्द्र श्रीवास्तव / सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। पहले से भी खतरनाक महामारी फैलने की आशंका जताई; बोले–आने वाले समय में मुट्ठी भर अनाज के लिए तरस सकते हैं लोग, पैसा और सोना-चाँदी भी नहीं आएगा काम!


छत्तीसगढ़ में बैलगाड़ी यात्रा निकालकर देश को दिया बड़ा संदेश–गौ-आधारित जैविक खेती अपनाओ, अपने बीज बचाओ और भारत को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाओ।

शिवरीनारायण, छत्तीसगढ़ ` 31 अक्टूबर 2026

छत्तीसगढ़ के शिवरीनारायण में सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी ने विशेष बैलगाड़ी यात्रा निकालकर देश की कृषि व्यवस्था, भविष्य की खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की।

गुरुदेव ने चेताया कि यदि भविष्य में बीज, डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति बंद हो गई, तो देश में अन्न उत्पादन का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। ट्रैक्टर और कृषि मशीनें खड़ी रह जाएँगी और किसानों के सामने खेत जोतने तथा अन्न पैदा करने की बड़ी चुनौती होगी।

ह्लअगर एक वर्ष तक डीजल की सप्लाई बंद हो गई तो आप खेत कैसे जोतोगे? बैल कहाँ हैं? अन्न के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने पुरानी कहावत का उल्लेख करते हुए कहा– बोरे भरकर नोट ले जाओगे तो मुट्ठी भर चावल और गेहूँ लेकर आओगे।



कैसे पैदा होगा? – सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी

पहले से भी खतरनाक महामारी फैलने की आशंका

गुरुदेव ने जैविक खेती को मानव स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताते हुए आशंका व्यक्त की कि यदि वर्तमान परिस्थितियाँ इसी प्रकार बनी रहीं, तो भविष्य में पहले फैल चुकी महामारियों से भी अधिक खतरनाक महामारी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने प्राकृतिक भोजन, गौ-आधारित खेती और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

मुट्ठी भर अन्न के लिए तरस सकते हैं लोग

सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी ने आने वाले दस वर्षों में संभावित कृषि संकट को लेकर आगाह करते हुए कहा कि ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं जब लोगों के पास पैसा, सोना और चाँदी तो होंगे, लेकिन शिवरीनारायण से देशव्यापी जैविक खेती अभियान का संकल्प

गुरुदेव ने माता शबरी की पावन भूमि शिवरीनारायण से गौ-आधारित जैविक खेती का अभियान प्रारंभ करने की योजना की घोषणा की। उन्होंने किसानों से अपने घरों में बीज सुरक्षित रखने, गौवंश का संरक्षण करने और प्राचीन प्राकृतिक कृषि व्यवस्था की ओर लौटने का आह्वान किया।

उन्होंने एक प्राकृतिक चिकित्सालय एवं आराधनालय की स्थापना की परिकल्पना भी व्यक्त की, जहाँ लोगों को प्रकृति के अनुरूप स्वस्थ और आत्मनिर्भर जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी।

अपना अन्न उगाओ, अपना खाओ। बैलों की सेवा आप करो, बैल आपकी सेवा करें। – सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी

गुरुदेव की बैलगाड़ी यात्रा ने छत्तीसगढ़ की धरती से पूरे भारत को कृषि आत्मनिर्भरता, गौवंश संरक्षण, जैविक खेती और भविष्य की खाद्य सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

सूर्योदय भास्कर की खबर का हुआ बड़ा असर वन विभाग ने मिश्रिख रेंज में लकड़ी किया सुपुर्द

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर । 31 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित खबर होने के बाद हरकत में आए वन विभाग के अधिकारियों ने खबर का संज्ञान लेकर कार्यवाही करते हुए आम व महुआ की कीमत लकड़ी को मिश्रिख रेंज कार्यालय में सुपुर्द करा दी है बताते चले मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम पेरियाकोडर में वन विभाग की भूमि पर लगे आम और महुआ के पेड़ों को गाँव के ही दिनेश राजवंशी पुत्र पतिराखन द्वारा काटे जाने का मामला सामने आया था आरोप है कि लगभग एक माह पूर्व वन विभाग की जमीन पर खड़े पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी ले जाने की तैयारी की जा रही थी। जिसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने मामले की शिकायत की शिकायत पर वन दरोगा अक्षय पांडेय ने लकड़ी को मौके पर ही रुकवा दिया था इसके बावजूद रात में कुछ लकड़ी आरोपी उठा ले गया था सूर्योदय भास्कर में प्रकाशित खबर के बाद वन विभाग की टीम ने शेष बची लकड़ी को मिश्रिख रेंज कार्यालय में जमा करा दी । ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।जिससे वन विभाग की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगा है?* क्या बोले वन क्षेत्राधिकारी *इस मामले में जब वन क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कल शनिवार को काटी गई लकड़ी को मौके से उठवाकर रेंज कार्यालय में सुपुर्द करा दिया गया है दोषी व्यक्ति के खिलाफ जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

महिला से मारपीट, चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज ,लाठी-डंडों से हमला कर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

सूर्योदय भास्कर संवाददाता

शुकुल बाजार, अमेठी। थाना क्षेत्र में घर में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, नफीसा बानो पत्नी मो. इमरान निवासी बख्तावरपुर ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 23 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे वह अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान मो. इमरान, नफी, चंदन और आकाश कथित रूप से घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उन्हें चोटें आईं। विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

पीस कमेटी की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

सूर्योदय भास्कर संवाददाता

शुकुल बाजार, अमेठी। बाजार शुकुल थाना परिसर में रविवार को थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में व्यापारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के व्यापारियों ने सहभागिता करते हुए बाजार की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को पुलिस प्रशासन के समक्ष रखा।

इस दौरान व्यापारियों की सुरक्षा, बाजार में शांति व्यवस्था बनाए रखने, आवागमन की सुगमता तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। व्यापारियों ने अपनी समस्याओं से थाना अध्यक्ष को अवगत कराते हुए उनके समाधान की अपेक्षा जताई। थाना अध्यक्ष ने व्यापारियों से आपसी सहयोग बनाए रखने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

बैठक में व्यापारियों के हितों और उनकी सुरक्षा को लेकर संवाद हुआ। व्यापारियों ने कहा कि बाजार की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना उनकी प्राथमिकता है।

स्मृति इरानी ने अमेठी के कार्यकताओं को दीपावली पर भेजीं मिठाइयां एवं दी शुभकामनाएं

सूर्योदय भास्कर संवाददाता

अमेठी। दीपावली के पावन पर्व पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व सांसद अमेठी एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति इरानी ने अमेठी के भाजपा परिवार के प्रति अपने स्नेह, आत्मीयता और अपनत्व का परिचय देते हुए जिला पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों के लिए दीपावली की मिठाइयां एवं विशेष उपहार स्वरूप टिफिन भेजे हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ,विशु मिश्रा के नेतृत्व में उपहारों का वितरण संगठन के पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों तक किया जा रहा है। इसी क्रम में जगदीशपुर एवं तिलोई विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न मण्डलों में दीपावली के इस स्नेहिल उपहार का वितरण किया गया। भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दीदी स्मृति इरानी का अमेठी के प्रति लगाव केवल राजनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां के प्रत्येक कार्यकर्ता, आमजन और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति उनका आत्मीय जुड़ाव सदैव बना रहता है।

कलियुगी पुत्रो ने पिता को गन्दी गन्दी गालिया देकर जान से मारने की धमकी दी।

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गाँव कबूलपुर निवासी झम्मन लाल पुत्र छद्दमीलाल ने थाना पुलिस को दि तहरीर मे बताया है कि मेरे चार पुत्र सभी विवाहित है।मेरे द्वारा चारो पुत्रो को नए मकान मे हिस्सा दे रखा है।सभी पुत्र नए मकान मे अपने अपने मे काबिज भी है।वही पीड़ित के द्वारा नए मकान मे टीन शेड डाल रखा है।जिसमे स्वयं रहने के साथ ही अपने पश भी बाध रहे थे।पीड़ित के पुत्र महेश कुमार के द्वारा नयी जगह पर मकान बनाकर रहने के बाद पुराने मकान की जगह अभी तक खाली नही की है।मेरे पुत्र रमेश, महेश ने मेरे टीन शेड को खसा कर गिरा दिया गया है।मेरे द्वारा दोनो पुत्रो से कहा गया कि टीनशेड क्यो गिरा दी।जिस पर दोनो पुत्रो ने मुझे गन्दी गन्दी गालिया दी और कहा तुम यहा टीनशेड नही डालने देगे जो करना है वह करलो अगर थाने मे शिकायत की तो जान से मार देगे।फिलहाल पीड़ित पिता ने पुलिस से मामले की जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की है।

राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आशीर्वाद यात्रा निकालकर किया चुनावी शंखनाद, 13 सूत्रीय घोषणा पत्र माता रानी के चरणों में किया समर्पित



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो.....

भगवंतनगर, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर के राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने रविवार को ऐतिहासिक आशीर्वाद यात्रा निकालकर चुनाव प्रचार का शंखनाद किया।

परिवार दरबार कार्यालय निहाल खेड़ा, धनकोली से शुरू हुई इस भव्य पदयात्रा और रोड शो में सैकड़ों चार पहिया वाहन और हजारों की संख्या में विधानसभा परिवार के भाई-बहन शामिल हुए। सुबह से ही आम जनमानस का हुजूम कार्यालय पर जुटने लगा था। विशेष रूप से हजारों की संख्या में मातृशक्ति बहनों ने अपने भाई पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के साथ सहभागिता निभाई।

यात्रा शुरू करने से पहले पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपना 13 सूत्रीय घोषणा पत्र माता चंद्रिका और माता अम्बिका के पूजन-अर्चन के बाद माता रानी को साक्षी मानकर उनके श्री चरणों में समर्पित किया।

निहाल खेड़ा से शुरू हुआ रोड शो पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहा। बक्सर पहुंचकर राष्ट्रसेवक ने गंगा मैया, माता चंद्रिका, माता अम्बिका, श्री सत्संगानंद सरस्वती, कुटी बाबा, बजरंगबली बाबा और अमर शहीद राजा राव राम बक्श सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।

माता चंद्रिका मंदिर प्रांगण और बक्सर चौराहे पर राजा साहब की प्रतिमा के पास आयोजित जनसभा में हजारों बहनों-भाइयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समस्त बैसवारे को एकजुट कर भाईचारे के साथ एक सशक्त बैसवारा का निर्माण करना उनका संकल्प है। उन्होंने बाहरी शक्तियों से डटकर मुकाबला करने और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने की अपील की।

उन्होंने कहा, "भारत के इतिहास में मैं पहला विधायक प्रत्याशी हूँ जिसने इतना मजबूत घोषणा पत्र जारी किया है। जो भी वादे किए गए हैं, उन्हें शत-प्रतिशत पूरा किया जाएगा, बल्कि उससे अधिक ही कार्य किया जाएगा। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह जो कहते हैं, वह करते हैं।"

इस दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैसवारा कल्याण समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह अवधूत, महामंत्री हरिओम सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह परौरी, प्रमुख पति पवन पासवान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति सियाब्रजेन्द्र यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभूषण रावत सहित भोले सिंह प्रधान, संजय सिंह प्रधान, रोहित सिंह प्रधान, सुनील सिंह, सुशील प्रधान, दिलीप निर्मल प्रधान, इकबाल सिंह प्रधान, आशू राठौर प्रधान, संदीप सिंह प्रधान, पंकज बाबाजी प्रधान, गंगाप्रसाद यादव प्रधान, विनीत सिंह, चंदन सिंह, हर्ष सिंह, गोलू सिंह, राघवेंद्र सिंह अवधूत, तेजबहादुर सिंह, प्रखर सिंह, रामजी यादव, रीमा सिंह, प्रिया सिंह, कृष्णा देवी, अनामिका सिंह, शालिनी, सरोज, चांदनी, रोशनी सहित हजारों शुभचिंतक और समर्थक मौजूद रहे।!!

स्कूली बच्चे और ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर सीमेंट के खंभे के ऊपर चढ़कर निकल रहे हैं

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

पीलीभीत। जनपद के बिलसंडा क्षेत्र में पुलिया टूटी होने से स्कूली बच्चे और ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर सीमेंट के खंभे के ऊपर साइकिल लेकर निकल रहे हैं। जिसके चलते उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।वही मामले का वीडियो वायरल होने के बाद अब पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता एक सप्ताह के भीतर पुलिया का निर्माण पूरा कराने की बात कह रहे है।दरअसल मामला तहसील बीसलपुर क्षेत्र का है।जहां लोक निर्माण विभाग द्वारा ईटगांव बमरोली मार्ग पर रामपुर अमृत गांव से मवैया गांव तक लगभग 2 किलो मीटर लंबी सड़क का निर्माण एक करोड़ 85 लाख की लागत से करा रहा है। अब निर्माणाधीन पुलिया ग्रामीणों के लिए मुसीबत और खतरा बन गई है।



विभाग ने यहां ग्रामीणों के निकलने की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। ऐसे ही बिजली के खम्भों को डालकर पुलिया पर मौत का सेतु बनाया दिया गया जहां से निकलने का मतलब मौत को दावत देने जैसा है।

गौरतलब है बीसलपुर विधानसभा से भाजपा विधायक विवेक कुमार वर्मा ने 9 जनवरी 2026 को इस सड़क का शिलान्यास किया था।जिसमें सड़क निर्माण के साथ पुलिया भी बनाया जाना शामिल है।ताजी

तस्वीरों में आप देख सकते हैं यह 7 से 8 फिट गहरी खाई मानो मौत का पुल हो जिसे ग्रामीण पार करने को मजबूर है। वहीं ग्रामीण मानक से हटकर सरिया की मात्रा डाला जाना बता रहे है।

वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग पीलीभीत के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार जैन अब बरसात का बहाना बना रहे हैं और हफ्ते भर में ही पुलिया चालू होने की बात कह रहे हैं।

विवाहिता के साथ छेड़छाड़ के मामले मुकदमा दर्ज

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी विवाहित महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र मे बताया है कि मेरे गाँव की सुमित कुमार पुत्र प्रेमपाल गुण्डा किस्म का आदमी है।लगभग दो माह पूर्व को आरोपी ने मेरे साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ की जिसका मैने विरोध किया तो मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।थाना पुलिस ने पीड़ित महिला के प्रार्थना-पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले जांच पड़ताल कर है।

डॉ अभिनव कुमार ने भाजपा पर साधा निशाना समाजवादी पार्टी उन्नाव की 6 सीटों पर होगी बराबर जीत

...राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले का किया जाएगा सम्मान

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो....

उन्नाव :: चुनावी परिणामों ने प्रदेश की राजनीति में कांटे की टक्कर को साफ जाहिर किया है। एक ओर जहां समाजवादी पार्टी ने 5 सीटों पर कब्जा जमाकर मजबूत प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर भाजपा ने 6 सीटों पर बढ़त हासिल कर अपना दबदबा भी कायम रखा, लेकिन कई सीटों पर मुकाबला इतना कड़ा रहा कि पार्टी काफी नजदीकी अंतर से ही जीत दर्ज करने में सफल हो सकी।

पूरे मामले मे समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा प्रत्यासी डॉ अभिनव कुमार ने बताया समाजवादी पार्टी को इस चुनाव में 5 सीटों पर कब्जा मिला है और पिछली बार की तुलना में उसे 2 सीटों का फायदा हुआ है। सपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी सहित लखनऊ की महत्वपूर्ण सीटों पर जीत हासिल की है

जिसमे समाजवादी पार्टी के खाते में 5 सीटें आईं। कुछ सीटों पर तो जैसे-तैसे भाजपा जीती।

भाजपा जिला कार्यालय उन्नाव में मासिक बैठक संपन्न, 45 सांगठनिक कार्यों को धरातल पर उतारने की तैयारी

>> 3 नवंबर को उन्नाव से लखनऊ कूच करेंगे कार्यकर्ता, विपक्ष के दुष्प्रचार के खिलाफ निकालेंगे विशाल पैदल मार्च...

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो.....

उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय उन्नाव में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी की अध्यक्षता में मासिक संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने प्रदेश कार्यसमिति बैठक में शीर्ष नेतृत्व द्वारा तय किए गए 45 प्रमुख सांगठनिक कार्यों और एजेंडे को कार्यकताओं के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद पार्टी पूरी ताकत के साथ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुटेगी।

जिलाध्यक्ष ने पांच प्रमुख प्राथमिकताओं पर काम करने के निर्देश दिए। इसमें बूथ स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता और आपसी संवाद बनाए रखना, मंडल व जिला स्तर पर नियमित बैठक कर गतिविधियों की समीक्षा करना, युवा, महिला, उद्यमी और नए मतदाताओं के बीच संगठन का विस्तार करना और मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देते हुए फॉर्म-6 भरवाने के कार्य में तेजी लाना





शामिल है।

बैठक में विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे अराजक माहौल और भ्रामक दुष्प्रचार के खिलाफ रणनीति भी तय की गई। इसके तहत 3 नवंबर को उन्नाव जिले से भारी संख्या में पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष और कार्यकर्ता लखनऊ कूच करेंगे और 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत आयोजित विशाल पैदल मार्च में शामिल होंगे।

जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि विपक्ष जनता के बीच भ्रम फैलाकर प्रदेश के विकास चक्र को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। उसके भ्रामक प्रचार को बेनकाब करने के लिए ही यह आंदोलन किया जा रहा है। दीपावली के तुरंत बाद उन्नाव भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जमीन पर उतरेगा।

बैठक में जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, रजनीश वर्मा, मनीष जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, सुशील तिवारी, नवीन सिंह, आनंद अवस्थी, जितेंद्र प्रताप सिंह पटेल, मलखान सिंह, संदीप लोधी, संदीप शुक्ला, अवनीश शुक्ला, साधना दीक्षित, अमित त्रिपाठी, समीर शुक्ला, रमेश तिवारी, विवेक तिवारी, कुश सिंह, उदय प्रताप सिंह, दीपांकर मिश्र, मनीष पांडेय, राजेंद्र द्विवेदी, संदीप निगम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।!!!

उन्नाव में यातायात माह का शुभारंभ, डीएम-एसएसपी ने दिखाई हरी झंडी,सड़क सुरक्षा को लेकर दिया जागरूकता का संदेश*

हेलमेट और सीट बेल्ट को बताया जीवन रक्षक...



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो....

उन्नाव। रविवार, 1 नवंबर को यातायात माह-2025 का भव्य शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया।

इस माह का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना और आमजन के अनमोल जीवन को सुरक्षित करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी और एसएसपी ने आमजन से यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है!

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर ही स्वयं और दूसरों का जीवन सुरक्षित रखा जा सकता है।

इस अवसर पर एडीएम सुशील गौड़, एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, नगर क्षेत्राधिकारी विनी सिंह, यातायात क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार मौर्य और यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष श्रीवास्तव और डॉ. रचना सिंह ने किया।

अधिकारियों ने दी ये हिदायतें--

दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन न चलाएं।

चार पहिया वाहन चालक बिना सीट बेल्ट के सफर न करें।

तेज रफ्तार, नशे में वाहन चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी से बचें।

हिन्दी दैनिक
सूर्योदय भास्कर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक,विवेक कुमार द्वारा ओम प्रिंटर्स 356/318/366, आलमनगर मानस बिहार राजाजीपुरम लखनऊ (उ.प्र.) 226017 से मुद्रित एवं 6 सी 116 वृन्दावन योजना, तेलीबाग,लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

संपादक-बबीता यादव
प्रधान सम्पादक :- प्रशांत अवस्थी
उप संपादक :- अमित त्रिवेदी
समूह सम्पादक :- डी.पी. सिंह
स्थानीय संपादक :- जी.एस. तिवारी
संस्थापक :- विवेक कुमार

RNI NO. UPHIN/2023/84452

E-MAIL:– SURYODAY BHASKAR@GMAIL.COM

कार्यालय सम्पर्क-9415461452,7007784396

(पी.आर. बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी)
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होगा।

उन्नाव दरोगा बाग में आयोजित पीडीए पंचायत में शामिल हुए डॉ. अभिनव कुमार

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो.....

उन्नाव, सदर। समाजवादी युवजन सभा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव श्री इमरान अहमद जी के आवास दरोगा बाग पर आयोजित पीडीए पंचायत में पूर्व प्रत्याशी सदर उन्नाव डॉ. अभिनव कुमार सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित साथियों से आत्मीय संवाद किया। पंचायत में सामाजिक एकता, सामाजिक न्याय, क्षेत्र की जनसमस्याओं और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।



डॉ. अभिनव कुमार ने कहा कि साथियों के विचारों और सुझावों से क्षेत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला। सभी ने पीडीए की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने और समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने का संकल्प लिया। इस आत्मीय आयोजन के लिए उन्होंने आयोजक श्री इमरान अहमद जी एवं समस्त साथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्नाव में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन, सैकड़ों लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो.....

उन्नाव, 01 नवंबर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में शनिवार को निराला प्रेक्षा गृह सभागार में विशाल मेगा विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतेन्द्र कुमार ने की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जय प्रकाश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, श्रम सहित 25 से अधिक विभागों ने स्टॉल लगाए। अधिकारियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर ही पात्र लाभार्थियों को



पेंशन, आयुष्मान कार्ड, सिलाई मशीन, दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल, स्टिक, मत्स्य पालक कल्याण कोष के तहत मॉपिड विद आइस बॉक्स तथा खेल सामग्री का वितरण किया गया। मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना और कन्या विवाह सहायता योजना के तहत धनराशि भी प्रदान की गई।

इस दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी कराई गई। ट्राई-साइकिल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती आकांक्षा बाजपाई ने कहा कि न्याय का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुलभ और सस्ता न्याय पहुँचाना है।

अध्यक्षता कर रहे जनपद न्यायाधीश श्री सतेन्द्र कुमार ने कहा - "न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे आम आदमी के दरवाजे तक पहुँचाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है।" उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें, मध्यस्थता केन्द्र के माध्यम से सुलह-समझौते से वादों का निस्तारण कराएं, निःशुल्क विधिक सहायता के लिए 15100 पर 24 घंटे कॉल सुविधा का लाभ लें और 12 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों का निस्तारण कराएं।

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद बेहद आकर्षक हैं। उनके द्वारा बनाए गए दीये यदि अयोध्या दीपोत्सव में प्रयोग होंगे तो जनपद का मान बढ़ेगा। उन्होंने युवाओं से मुख्यमंत्री युवा विकास योजना के तहत लोन लेकर स्वरोजगार शुरू करने की अपील की।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री अनिल कुमार शुक्ला ने पारिवारिक विवादों के त्वरित निस्तारण पर जानकारी दी। श्री राम सहाय शंकर विद्यालय की बालिकाओं द्वारा नशा मुक्ति पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।

शिविर में अपर जिला जज प्रथम नीतीश कुमार राय, नोडल अधिकारी रामराज, एलएडीसीएस अधिवक्ता, अधिवक्तागण, पराविधिक स्वयंसेवक, आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

ढएळ-2026 परीक्षा केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अधिकारियों को दिए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (*UPSSSC*) की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (PET-2026) को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सतर्क है। रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने महोली क्षेत्र के कृषक इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के लिए शुद्ध पेयजल सहित सभी आवश्यक



सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ करें, ताकि परीक्षा प्रक्रिया व्यवस्थित एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

अवध शुगर मिल में पेराई सत्र की तैयारियां पूरी, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ पूजन



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। गन्ना किसानों का इंतजार अब समाप्त होने वाला है। अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड, हरगांव में पेराई सत्र 2026-27 की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को मिल परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। शुभ मुहूर्त में डोंगे में गन्ना डालकर नए पेराई सत्र के सफल संचालन की कामना की गई। मिल प्रबंधन के अनुसार, आगामी 4 नवंबर को सुबह आठ बजे से गन्ने की पेराई शुरू हो जाएगी।बिड़ला मंदिर के पुजारी पंडित जगदीश चंद्र जोशी एवं पंडित शत्रुंजय बाजपेई ने मिल के अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित से वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार पूजन कराया। इसके बाद राज्यमंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित, अधिशासी उपाध्यक्ष

4 नवंबर से शुरू होगी गन्ने की पेराई, 2.05 करोड़ क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित

विवेक तिवारी, के.पी. सिंह, नीरज चौधरी, आशुतोष त्रिपाठी एवं अनिल शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और मिल अधिकारियों ने आरती कर नारियल फोड़ा तथा डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र की औपचारिक शुरूआत की। परंपरा के अनुसार मिल परिसर में स्थापित सभी मशीनों का भी पूजन किया गया।इस अवसर पर अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित ने बताया कि चालू पेराई सत्र में 2 करोड़ 5 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पर्ची के अनुसार साफ-सुथरा एवं अगोला रहित गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें। बिचौलियों के माध्यम से औने-पौने दामों पर गन्ना बेचने से बचें और सीधे मिल को गन्ना आपूर्ति कर व्यवस्था का लाभ उठाएं।उन्होंने कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिनों के भीतर उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। साथ ही किसानों को शरदकालीन गन्ना बुवाई की विधि और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के महत्व की जानकारी दी गई।पूजन समारोह में प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां, गन्ना समिति हरगांव के चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश चंद्र मिश्र, अरनीखाना समिति के चेयरमैन अशोक अवस्थी, आलोक मिश्र, प्रशांत मिश्र, प्रशुभ मिश्रा, हरीश मिश्र सहित बड़ी संख्या में मिल अधिकारी, कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे।

सकरन में अवैध पैथोलॉजी सेंटरों का जाल, मरीजों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

बिना रजिस्ट्रेशन और लैब टेक्नीशियन के संचालित हो रहे जांच केंद्र, ग्रामीणों ने कार्रवाई की उठाई मांग

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। विकासखंड सकरन क्षेत्र में बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे पैथोलॉजी सेंटरों पर मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किए जाने का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र में संचालित जांच केंद्रों की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा जाने वाले मार्ग पर करीब सात पैथोलॉजी सेंटर संचालित हो रहे हैं। इसी मार्ग से प्रतिदिन सीएचसी के चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का आवागमन होता है, लेकिन इसके बावजूद इन सेंटरों के संचालन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके अलावा महाराजनगर, गोडियनपुरवा और कोनसर सहित अन्य स्थानों पर भी बिना पंजीकरण के एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और खून की जांच किए जाने के आरोप हैं।ग्रामीणों का कहना है कि कुछ सेंटरों पर सीएचसी के चिकित्सकों द्वारा जांचें लिखी जाती हैं। अस्पताल में एक्सरे और ईसीजी की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों को बाहर से जांच कराने के लिए भेजा जाता है। आरोप है कि कई सेंटरों का संचालन योग्य लैब टेक्नीशियन के बिना किया जा रहा है। यहां तक कि पहले से प्रिंट रिपोर्ट पर मरीज का नाम दर्ज कर रिपोर्ट देने की भी शिकायतें सामने आई हैं।ग्रामीण नदीम, सुरेश कुमार और सुनील सहित अन्य लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर क्षेत्र में संचालित पैथोलॉजी, एक्सरे और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच कराने तथा अनियमितता मिलने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा ने बताया कि सीएचसी के सामने संचालित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को बंद कराया जा चुका है। अन्य सेंटरों की भी जांच कराकर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

यातायात माह का शुभारंभ, डीएम ने हेलमेट पहनाकर लोगों को किया जागरूक

सड़क सुरक्षा के लिए नियमों का पालन जरूरी, लापरवाही से बचें वाहन चालक - जिलाधिकारी

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को यातायात माह नवंबर 2026 का शुभारंभ किया गया। महिला थाना के सामने जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने फीता काटकर अभियान का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क पर चलते समय प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से



प्रयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें और निर्धारित गति सीमा का ध्यान रखें। उन्होंने नशे की हालत में वाहन न चलाने की भी अपील की।उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। थोड़ी सी लापरवाही गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है। नियमों का पालन करके बहुमूल्य जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात माह के दौरान व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए, जिससे जनपद में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

धनतेरस व दीपावली पर्व को लेकर थानाध्यक्ष ने सराफा व्यापारियों के साथ बैठक की



पुलिस के उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशों से व्यापारियों को अवगत कराया

मवई अयोध्या आगामी धनतेरस व दीपावली त्यौहार के मद्देनजर बाबा बाजार थाने में थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार आजाद ने सराफा व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक में थानाध्यक्ष ने सराफा व्यापारियों को सुरक्षा के सम्बन्ध में कई सुझाव दिए।थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने सराफा व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कभी कभी अपराधी प्रवृत्ति के लोग ग्राहक बनकर सराफा व्यापारियों के पास जाते हैं और उनकी नजरें आभूषण या फिर नकदी पर रहती है।अपराधी प्रवृत्ति के लोग मौके की तलाश में ही रहते हैं।मौका पाकर वह अपने काम को अंजाम देते हैं।उन्होंने व्यापारियों से कहा कि सभी लोग अपनी अपनी दुकानों में सी सी टी वी कैमरा अवश्य चालू रखें।थानाध्यक्ष ने कहा कि कैमरा सिर्फ दिखाने के लिए शो पीस न हो बल्कि वह चालू हालत में हों।प्रत्येक आने जाने वाले ग्राहकों पर पैनी नजर भी रखा करें।यदि किसी पर कोई संदेह हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।किसी किस्म की कोताही न बरतें।सभी व्यापारी आते जाते समय सतर्क रहें।क्योंकि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग त्यौहार के मौके पर इस प्रकार की घटना कारित करने के लिए प्रयास में लगे रहते हैं।सभी सराफा व्यापारी सतर्क रहेंगे तो यह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाएंगे।थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस के उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशों से व्यापारियों को अवगत कराया।

दहेज में बाइक और सोने की चेन न मिलने पर विवाहिता को जलाकर मारने की कोशिश, पति समेत नौ पर मुकदमे का आदेश

अयोध्या। दहेज में मोटरसाइकिल और सोने की चेन की मांग पूरी न होने पर४र विवाहिता को प्रताड़ित करने, बेरहमी से मारपीट करने और रसोई में बंद कर गैस सिलेंडर से गैस निकालकर जलाकर मारने का प्रयास करने के मामले में अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। सिविल जज (जू.डि.) एफटीसी निवेदिता सिंह की अदालत ने पति समेत परिवार के नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश महिला थानाध्यक्ष को दिया है।

मामला बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के पदारथपुर गांव का है। न्यायालय ने धारा 173(4) बीएनएस के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए पति सौरभ त्यागी, ससुर रामशंकर उर्फ भगत, सास मीरा देवी, देवर शिवम व अभिषेक, ननद अनुपम व आकांक्षा तथा सुखमता और मालती के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उचित धाराओं में विवेचना करने का निर्देश दिया है। साथ ही पांच नवंबर 2026 तक विवेचना की अनुपालन आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

प्रार्थिनी शशिबाला पत्नी सौरभ त्यागी, पुत्री राजेश कुमार निवासी घुरेहटा थाना इनायतनगर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एखलाक अहमद, अनूप कनौजिया और श्रवण यादव ने न्यायालय में पैरवी की। प्रार्थना पत्र के अनुसार शशिबाला का विवाह दो मार्च 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से सौरभ त्यागी के साथ हुआ था। तीन मार्च को वह दान-दहेज, जेवर, फर्नीचर, कपड़े और बर्तन लेकर ससुराल पहुंची, लेकिन ससुरालीजन दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि वे मोटरसाइकिल और सोने की चेन की मांग को लेकर उसे लगातार ताने देने और प्रताड़ित करने लगे।

आरोप है कि ससुरालीजनों ने धमकी दी कि अगली बार मोटरसाइकिल और सोने की चेन लेकर ही ससुराल आना। इसके बाद उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की जाने लगी। 26 जनवरी 2026 को शशिबाला ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका नाम शशांक रखा गया, लेकिन इसके बाद भी उत्पीड़न बंद नहीं हुआ।

प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि 23 जून 2026 को विवाहिता के साथ बुरी तरह मारपीट कर दहेज की मांग दोहराई गई और उसे कमरे में बंद कर दिया गया। अगले दिन 24 जून की सुबह करीब पांच बजे उसे रसोई में बंद कर गैस सिलेंडर से गैस निकालकर जलाकर मारने का प्रयास किया गया। आरोप है कि उसके जेवर छीनकर धक्के मारते हुए घर से बाहर निकाल दिया गया।

इतना ही नहीं, पांच माह के दुधमुंहे बच्चे को भी कथित रूप से जान से मारने की नीयत से उठाकर बाहर फेंक दिया गया। इससे बच्चे के पैर की नसों में खिंचाव आ गया और उसे पेशाब करने में परेशानी होने लगी। आरोप है कि जब विवाहिता के पिता राजेश कुमार मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। बच्चे को चिकित्सक को दिखाने पर ऑपरेशन की सलाह दिए जाने की बात भी प्रार्थना पत्र में कही गई है।

न्यायालय ने प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए महिला थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना करने का निर्देश दिया है।

प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने सराफा व्यापारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये



मवई अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर धन तेरस एवं दीपावली के त्यौहार के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक पटरंगा शशिकांत यादव ने शनिवार को थाना परिसर में क्षेत्र के सराफा व्यापारियों के साथ बैठक की।बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने सभी सराफा व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी सरार्फा व्यापारी की दुकानें कैमरा युक्त होनी चाहिए और कैमरे का एंगल सही दिशा में होना चाहिए जिससे अपराधी को चिन्हित करने में आसानी हो।उन्होंने कहा कि व्यापारी अथवा दुकानदार आते जाते समय सूनसान रास्ते से न गुजरे क्योंकि कभी कभी अपराधी इसका फायदा उठाकर घटना को अंजाम भी दे देते हैं इसलिए इस बातों का सभी व्यापारी अपने ध्यान में रखें और सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि यदि जा भी रहे हों तो अन्य यात्रियों के साथ जायें।प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने कहा कि व्यापारी या दुकानदार दुकान को खोलते व बंद करते समय अपना झोला नीचे रख देता है अपराधी उसी समय झोला लेकर फरार हो जाता है।प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों से कहा कि त्यौहार तक व्यापारी यात्रा करते समय सूनसान रास्तों पर न चलें।

रुदौली विधान सभा की समस्या को सपा नेता ने उठाया ,रुदौली में वोटर लिस्ट की गड़बड़ी सरकार मूकदर्शक

रूदौली अयोध्या। समाजवादी पार्टी के विधानपरिषद के पूर्व प्रत्याशी अवधेश यादव ने एक प्रेस कांफ्रेंस के जरिये विधानसभा रुदौली की वोटरलिस्ट की गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि वोटरलिस्ट में एसआईआर का कार्य पिछले साल से चल रहा है जिसमें सरकार द्वारा जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रूपया खर्च किया गया है।

एसआईआर के नाम पर देश की जनता को अनावश्यक रूप से हैरान, परेशान किया गया। इसके बावजूद आज जो वोटरलिस्ट जनता के सामने है उसका आलम यह है कि जो पात्र वोटर हैं या तो उसका नाम वोटरलिस्ट से गायब है या एक वोटर का नाम 10 बार तथा 10 बार से अधिक भी है। जिसका प्रमाण विधानसभा रूदौली के भाग संख्या 358 में एक-एक नाम 10-10 बार तथा 10 से अधिक बार भी दर्ज है। मामला सरकार के संज्ञान में आने के बाद भी मूकदर्शक बनी है। यह इस बात का द्योतक है कि मौजूदा भाजपा सरकार वोटरलिस्ट में गड़बड़ी करके आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में फर्जी मतदान कराकर लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। इसके अलावा रुदौली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 से नगर जाने का बन्द रास्ता खुलवाने, खाद, बिजली ,स्मार्ट मीटर का मुद्दा भी उठाया।

मोहम्मदी श्री रामलीला मेले के सफल आयोजन में उमड़ा जनसैलाब





सूर्योदय भास्कर संबाददाता

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी के रामलीला मैदान में आयोजित श्री रामलीला मेले का समापन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। मेले में रामलीला मंचन, रावण दहन और विभिन्न आकर्षक आयोजनों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मेले में क्षेत्रीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मेला अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा मेहरोत्रा, मेला प्रभारी शिव बहादुर सहित मेला कमेटी के सदस्यों ने आयोजन में सहयोग किया। मेले के दौरान सुरक्षा, व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा रही। यह मेला क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बना।

एनटीपीसी टांडा में राष्ट्रीय एकता दिवस पर उमड़ा उत्साह, वॉकाथॉन और पौधरोपण से दिया स्वस्थ जीवन व हरित पर्यावरण का संदेश



अयोध्या। राष्ट्रीय एकता दिवस एवं ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के अवसर पर एनटीपीसी टांडा में मिशन छत्रह्व के तहत स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और गरिमा महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ आरोग्यम अस्पताल में सतर्कता शपथ के साथ हुआ। इसके बाद परियोजना प्रमुख राजीव कुमार सिन्हा ने वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आरोग्यम अस्पताल से न्यू सप्तरंग क्लब तक निकाली गई वॉकाथॉन में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके माध्यम से नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

इसके बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधरोपण किया गया। प्रतिभागियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने का संकल्प लिया। वहीं, न्यू सप्तरंग क्लब में आयोजित जुंबा सत्र में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिटनेस के प्रति जागरूकता का परिचय दिया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता की भावना सामूहिक प्रयासों से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देती है। पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना हम सभी की व्यक्तिगत एवं सामूहिक जिम्मेदारी है। मिशन छत्रह्व जैसी पहलें दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती हैं।

एनटीपीसी टांडा की इन पहलों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

दीनदयाल पुरम में ऐप्जा का शक्ति प्रदर्शन, राष्ट्रीय एकता दिवस पर उमड़ा पत्रकारों और गणमान्य हस्तियों का सैलाब

>> रामनिवास दीक्षित अध्यक्ष और सत्यम शुक्ला बने महामंत्री, अनुराग एम. सारथी ने पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए बुलंद की आवाज; अतिथियों एवं पत्रकारों का बैज अलंकरण कर स्मृति चिह्नों से किया गया सम्मानित



सूर्योदय भास्कर संबाददाता मोहम्मदी खीरी। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मोहम्मदी के दीनदयाल पुरम में ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) का भव्य एवं गरिमामय आयोजन पत्रकारों की एकजुटता, संगठनात्मक शक्ति और सामाजिक सरोकारों का सशक्त उदाहरण बन गया। समारोह में पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। देश की एकता, अखंडता, पत्रकारिता की स्वतंत्रता और पत्रकारों के सम्मान का संदेश पूरे कार्यक्रम में प्रमुखता से दिखाई दिया।

कार्यक्रम का विशेष एवं प्रभावशाली संचालन ऐप्जा के जिला विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल तिवारी ने किया। उनके संचालन में शब्दों की ओजस्विता, विचारों की गंभीरता और राष्ट्रभावना का सुंदर समन्वय देखने को मिला। माखनलाल चतुर्वेदी की राष्ट्रचेतना और अटल बिहारी वाजपेयी की ओजस्वी वाणी की भावभूमि को स्पर्श करते हुए उन्होंने कार्यक्रम को केवल औपचारिक समारोह तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि राष्ट्रीय एकता, पत्रकारिता के स्वाभिमान और संगठनात्मक प्रतिबद्धता का मंच बना दिया। अतिथियों के परिचय, स्वागत, महापुरुषों के विचारों के स्मरण और वक्ताओं के उद्बोधन को प्रभावशाली क्रम में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने पूरे कार्यक्रम को अनुशासित एवं जीवंत बनाए रखा। उनके सफल संचालन ने समारोह की गरिमा और प्रभाव को और ऊंचाई प्रदान की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने की। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देश की एकता और अखंडता के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल तथा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। दोनों महापुरुषों के विचारों को स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के संकल्प को दोहराया गया।

मुख्य अतिथि अनुराग एम. सारथी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारों की एकता, सुरक्षा और सम्मान के लिए ऐप्जा पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है। पत्रकार समाज की समस्याओं को सामने लाने के साथ लोकतंत्र को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। पत्रकारों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पत्रकारों के लिए जनहित गारंटी और मीडिया निर्वाचन क्षेत्र की व्यवस्था की आवश्यकता उठाते हुए कहा कि यदि सरकार पत्रकारों की इन महत्वपूर्ण मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने संगठन के प्रत्येक सदस्य से आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर पत्रकार हितों के लिए एकजुट रहने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा 'कन्हैया' ने पत्रकारों के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज की वास्तविक तस्वीर सामने लाने का सशक्त माध्यम है। जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने वाले पत्रकारों के सकारात्मक कार्यों में उनका हरसंभव सहयोग रहेगा। ब्लॉक प्रमुख मोहम्मदी महेंद्र कुमार बाजपेई ने भी पत्रकारों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि पत्रकार जनसमस्याओं को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पत्रकारों के जनहितकारी कार्यों में वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

समारोह में ऐप्जा की मोहम्मदी तहसील इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। रामनिवास दीक्षित ने अध्यक्ष तथा सत्यम शुक्ला ने महामंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष देव रंजन मिश्रा, तहसील प्रभारी अतुल मिश्रा, संयोजक महेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी रिजवान सिद्दीकी ने भी अपने-अपने दायित्वों की शपथ ग्रहण की। सदस्य पद पर अजय सिंह, राशिद मंसूरी, शिवेंद्र सिंह, रामजी, वासिद अंसारी, श्याम दीक्षित, रवि त्रिपाठी, आशा कुमार कोली एवं शोषित कुमार ने शपथ लेकर संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का संकल्प लिया।

समारोह का एक विशेष आकर्षण अतिथियों एवं संगठन के पदाधिकारियों का बैज अलंकरण रहा। मुख्य अतिथि अनुराग एम. सारथी, जोनल कोऑर्डिनेटर अजय शुक्ला, जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला, जिला संगठन मंत्री डीपी आर्या, रामनयन मिश्रा, शेर अली खान, सतीश त्रिवेदी, अतीश त्रिवेदी, अतीक शेख, जिला संयुक्त मंत्री आसाराम सैनी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सिंह सोमवंशी एवं जिले के विशेष आमंत्रित सदस्य विजय मिश्रा सहित सभी उपस्थित जिला एवं तहसील पदाधिकारियों का बैज अलंकरण कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकताओं और पत्रकारों को भी सम्मानपूर्वक बैज अलंकृत किया गया। मुख्य अतिथि अनुराग एम. सारथी द्वारा उपस्थित विशिष्ट अतिथियों एवं पत्रकारों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस सम्मानपूर्ण आयोजन ने अतिथियों के प्रति संगठन की आत्मीयता और पत्रकारों के सम्मान के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

समारोह में बार एसोसिएशन मोहम्मदी के वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश त्रिवेदी, पूर्व प्रधान पिपरिया कप्तान अशोक राजपूत, गौरव गुप्ता, अंकुर अवस्थी, प्रेस क्लब मोहम्मदी के अध्यक्ष अब्बास नकवी, लोक भारती के प्रांत क्षेत्र संयोजक अतुल रस्तोगी, मोहम्मदी विधानसभा के नेता अतुल बाजपेई, वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम बाबू मिश्रा, पत्रकार श्याम मिश्रा, केके भार्गव, सुखदेव भार्गव, विमल सिंह, रत्नेश गुप्ता, सरदार सिंह, राजू सिंह, अमित सक्सेना सहित क्षेत्र के तमाम पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिले के पदाधिकारियों एवं तहसील इकाई के सदस्यों की बड़ी भागीदारी ने कार्यक्रम को संगठनात्मक एकजुटता का व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

समारोह का आयोजन अपर सत्र न्यायालय मोहम्मदी के ठीक सामने स्थित दीनदयाल पुरम में किया गया। यह नया बसा गांव स्मार्ट गांव की परिकल्पना के अनुरूप विकसित किए जाने की दिशा में चर्चा में है। उत्तर प्रदेश सरकार के निवेश एवं विकास की योजनाओं से जुड़ी इस बस्ती में सीवर लाइन जैसी आधारभूत सुविधाएं मौजूद हैं। आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से युक्त इस क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम ने दीनदयाल पुरम को भी विशेष पहचान प्रदान की।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने पत्रकारिता को केवल समाचार संकलन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की आवाज, जनसमस्याओं के समाधान का मार्ग और लोकतंत्र की मजबूती का महत्वपूर्ण आधार बताया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की गरिमा बनाए रखने, पत्रकार हितों की रक्षा करने, निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित इस भव्य समारोह ने मोहम्मदी में पत्रकारों की एकजुटता और संगठन की सामूहिक शक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम ने यह भी रेखांकित किया कि जिस प्रकार देश की एकता उसकी सबसे बड़ी ताकत है, उसी प्रकार पत्रकारों की एकजुटता उनके सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की सबसे बड़ी शक्ति है , अंत में अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के सफलता की बधाई दी और कार्यक्रम समापन की घोषणा की ।?

यातायात माह नवम्बर-2026 का शुभारंभ, अपर पुलिस अधीक्षक एवं ASP/CO सदर द्वारा बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना।

बाइक रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक।





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर2026 के शुभारंभ के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव एवं अरढ/उड सदर नताशा गोयल द्वारा पुलिस लाइन पीलीभीत से यातायात जागरूकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर नकटादाना चौराहा, गौहनिया चौराहा, छतरी चौराहा एवं आसाम चौराहा होते हुए पुनः पुलिस लाइन पहुंचकर सम्पन्न हुई।

उच्चाधिकारीगण द्वारा रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट(न्यायिक), क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक यातायात, प्रतिसार निरीक्षक, अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तथा यातायात पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

पीलीभीत पुलिस की अपील सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाएं । आपकी सावधानी ही आपकी और दूसरों की सुरक्षा है।

मंडल रेल प्रबंधक ने किया चंदौली मझवार-कर्मनाशा रेलखंड का निरीक्षण

रिवर्सिबल लाइन पर बहुविभागीय अनुरक्षण कार्यों को देखा



ब्यूरो सूर्योदय भास्कर चंदौली - पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने रविवार को चंदौली मझवार से कर्मनाशा तक रेल खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिवर्सिबल लाइन पर इंजीनियरिंग विभाग,सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग तथा विद्युत कर्षण वितरण विभाग की ओर से किए जा रहे अनुरक्षण कार्यों को देखा। तीनों विभाग अपने-अपने अलग-अलग कार्य एक ही निर्धारित समयावधि में कर रहे हैं। इस व्यवस्था से अलग-अलग कार्यों के लिए बार-बार समय निकालने की आवश्यकता नहीं पड़ती और उपलब्ध समय का बेहतर उपयोग करते हुए कार्यों को पूरा करने में समय की बचत होती है। मंडल रेल प्रबंधक ने कार्यस्थल पर संरक्षा संबंधी इंतजामों और विभागों के बीच तालमेल का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक सैयदराजा स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने स्टेशन की कार्यप्रणाली, उपलब्ध यात्री सुविधाओं और स्टेशन पर व्यवस्था को देखा।ट्रेनों के परिचालन को देखा और स्टेशन पर ट्रेन परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।इसके बाद उन्होंने सैयदराजा से कर्मनाशा तक ट्रॉली से निरीक्षण किया। इस दौरान रेलपथ की स्थिति,रखरखाव और अनुरक्षण से जुड़े कार्यों को देखा।रास्ते में कार्यरत गैंगमेट एवं ट्रैक अनुरक्षण कर्मचारियों से बातचीत की। उनसे रेलपथ के रखरखाव, नियमित कार्यों और कार्यस्थल पर आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों से यह संवाद रेलपथ अनुरक्षण की जमीनी स्थिति समझने के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा।कर्मनाशा स्टेशन की सीमा में पॉइंट् के पास चल रहे रेल बदलने के कार्य को भी देखा।इस दौरान कार्य की प्रगति,कार्य निष्पादन और संरक्षा संबंधी इंतजामों का जायजा लिया।निरीक्षण में रेलपथ अनुरक्षण और ट्रेन परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वाणी ही मनुष्य का है आभूषण मीठी बाणी से है सब सम्भव



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ मोहम्मदी खीरी। आर्यसमाज मोहमदी खीरी का साप्ताहिक यज्ञ रविवार को प्रातः 8 बजे मंत्री अतुल रस्तोगी ने सम्पन्न करवाया, मुख्य यजमान आशीष गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी दीप्ति गुप्ता रहे नियम व भजन डॉ0 रमा शंकर गुप्ता ने सुनाये,

अपने संबोधन में अतुल रस्तोगी ने कहा कि, भारतीय संस्कृति, नीतिशास्त्र और साहित्य विशेषकर आचार्य चाणक्य, विदुर नीति और संत-महापुरुषों के वचनों, में शारीरिक आभूषणों जैसे हार, कुंडल आदि से कहीं अधिक वाणी के आभूषणों को महत्वपूर्ण माना गया है। भौतिक आभूषण समय के साथ पुराने या नष्ट हो सकते हैं, लेकिन संस्कारित और मधुर वाणी मनुष्य के व्यक्तित्व को हमेशा के लिए अमर और आकर्षक बना देती है। वाणी के प्रमुख 8 आभूषण माने जाते हैं,

?1. सत्य, वाणी का सबसे पहला और सर्वोपरि आभूषण 'सत्य' है। बिना सच्चाई के शब्दों का कोई मूल्य नहीं होता। जो व्यक्ति हमेशा सच बोलता है, समाज में उसकी विश्वसनीयता और सम्मान सबसे अधिक होता है।

?सनातन संस्कृति में भी कहा गया है–"सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात्" अर्थात हमेशा सत्य बोलो और प्रिय बोलो

?2. प्रियता अथवा मधुरता, आपकी बात चाहे कितनी भी सच्ची क्यों न हो, यदि वह कड़वे शब्दों में कही जाए, तो उसका प्रभाव समाप्त हो जाता है। शब्दों में मिठास होना ही प्रियता है। मीठी वाणी सुनने वाले के मन को शीतलता प्रदान करती है और शत्रुओं को भी मित्र बना लेती है। "तुलसी मीठे बचन तें, सुख उपजत चहुँ ओर।"

?3. संयम अथवा मितभाषित, कब, कहाँ और कितना बोलना है– इसका विवेक होना वाणी का बड़ा आभूषण है। आवश्यकता से अधिक बोलना या हर समय बोलते रहना ऊर्जा और सम्मान दोनों को नष्ट करता है। जरूरत के अनुसार कम और नपा-तुला बोलना ही 'वाक् संयम' कहलाता है।

?4. स्पष्टता बोलते समय विचारों और शब्दों में स्पष्टता होनी चाहिए। भाषा ऐसी होनी चाहिए जो सामने वाले को एक बार में आसानी से समझ आ जाए। गोलमोल या भ्रमित करने वाली बातें वाणी के सौंदर्य को दूषित करती हैं।

?5. हितकारिता ,वाणी ऐसी होनी चाहिए जो किसी का अहित न करे बल्कि जिसका परिणाम कल्याणकारी हो। यदि कोई सत्य बात भी किसी के जीवन के लिए विनाशकारी या अत्यधिक आघात पहुँचाने वाली हो, तो नीति कहती है कि ऐसी वाणी का त्याग कर देना चाहिए।

?6. विनम्रता, अहंकारमुक्त वाणी ही असली विनम्रता है। जब आप दूसरों से आदरपूर्वक, झुककर और नरमी से बात करते हैं, तो वह आपके उच्च संस्कारों को दशार्ती है। कठोर और अभिमानी वचन व्यक्ति के सारे गुणों को ढंक लेते हैं।

?7. औचित्य / समय-ज्ञान, प्रसंग के अनुकूल बोलना ही औचित्य है। शोकसभा में हँसी की बातें या उत्सव के समय निराशाजनक बातें करना वाणी का दोष माना जाता है। किस परिस्थिति में किस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करना है, इसका ज्ञान होना वाणी का एक अलौकिक आभूषण है।

?8. निर्भयता, अन्याय, अनीति या असत्य के खिलाफ बिना डरे सही बात को मुखरता से कहना वाणी की निर्भयता है। जहाँ एक ओर वाणी में कोमलता और मिठास जरूरी है, वहीं आवश्यकता पड़ने पर धर्म और न्याय के पक्ष में डटकर बोलने की शक्ति भी इसका एक अनिवार्य आभूषण है।

??प्रसिद्ध नीतिवक्ता आचार्य भर्तृहरि ने नीतिशतक में, कहा है कि,

?ह्लवाण्येका समलङ्करोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते,

क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम्॥ह्व

अर्थात–मनुष्य को न तो बाजूबंद और न ही चंद्रमा जैसे उज्ज्वल हार सुशोभित करते हैं; मनुष्य को केवल उसकी संस्कारित और मधुर वाणी ही सुशोभित करती है। सारे आभूषण नष्ट हो जाते हैं, लेकिन वाणी रूपी आभूषण हमेशा बना रहता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र नाथ गुप्ता एड0,सुरेन्द्र नाथ गुप्ता एड0, कोषाध्यक्ष रामलाल गुप्ता, धीरेंद्र नाथ गुप्ता, बीना गुप्ता,राजीव नाथ गुप्ता एड0, रश्मि गुप्ता,रामआसरे राठौर, संदीप गुप्ता, संजय गुप्ता,अंकुर गुप्ता, अनुभव गुप्ता, बीना राठौर, कुमुद गुप्ता, विश्व गुप्ता,शैलजा गुप्ता, पूनम गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं



सूर्योदय भास्कर

गाजियाबाद आप को बतादे की ड़ासना जेल में आजम खान रामपुर जेल से रिहा होकर बाहर आए, वैसे ही प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की टीम ने उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया।

ईडी की टीम आजम खान को अपने साथ लेकर दिल्ली पहुंची, जहां रात में उनसे पूछताछ की गई। इसके बाद रविवार सुबह करीब 10:30 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया।यह पूरा मामला मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से संबंधित है।

अदालत में ईडी ने आजम खान की 14 दिन की कस्टडी की मांग की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आजम खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

अब आजम खान को गाजियाबाद की डासना जेल में रखा जाएगा।

गौरतलब है कि आजम खान को दो पैन कार्ड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद रामपुर जेल से रिहाई मिली थी, लेकिन जेल से बाहर आते ही ईडी की कार्रवाई ने उनकी मुश्किलें फिर बढ़ा दीं।

फिलहाल इस पूरे मामले पर राजनीतिक गलियारों में भी चचाएँ तेज हो गई हैं। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में इस मामले में क्या नया मोड़ सामने आता है।

समाजवादी पार्टी धौलाना विधान सभा के भावी प्रत्याशी बिलाल एडवोकेट का बड़ा बयान



सूर्योदय भास्कर

हापुड़ क्षेत्र के धौलाना विधान सभा प्रत्याशी बिलाल खान ने मिडिया को जानकारी देते हुए बताया की अगर मुझे टिकट मिला तो मजदूर, किसान और मजलूमों की आवाज बनकर विधानसभा में उठाऊंगा मुद्दे

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हैं। इसी बीच धौलाना विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी बिलाल एडवोकेट ने बड़ा बयान दिया है।

बिलाल एडवोकेट ने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी नेतृत्व ने धौलाना विधानसभा से उन्हें प्रत्याशी बनाया, तो वह पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और जनता के आशीर्वाद से जीत हासिल कर विधानसभा पहुंचेंगे।

उन्होंने कहा कि विधानसभा में पहुंचकर मजदूरों, किसानों, गरीबों, मजलूमों और शोषित वर्ग की आवाज बुलंद करेंगे। क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाने के साथ-साथ धौलाना विधानसभा में विकास कार्यों को प्राथमिकता दिलाने का काम करेंगे।

बिलाल एडवोकेट ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे अब देखना दिलचस्प होगा कि धौलाना विधानसभा में समाजवादी पार्टी किस चेहरे पर अपना भरोसा जताती है और 2027 के चुनाव में जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

शिक्षा और सामाजिक एकता से मजबूत होगा समाज : पवन सिंह चौहान।





सूर्योदय भास्कर संवाददाता बीकेटी लखनऊ। शिक्षा और सामाजिक एकजुटता से ही समाज को नई दिशा और मजबूती मिल सकती है। क्षत्रिय चेतना परिषद ने अन्याय और अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाने तथा उनके समाधान का संकल्प लिया है। यह गौरव का विषय है। यह बात एमएलसी पवन सिंह चौहान ने रविवार को कठवारा स्थित दि ग्लोरी रिसॉर्ट में आयोजित क्षत्रिय चेतना परिषद के विजयदशमी समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि परिषद सामाजिक सरोकारों के साथ शिक्षा और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का भी सराहनीय कार्य कर रही है। अपनी मेहनत और लगन से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में विभिन्न बोर्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करना प्रेरणादायक पहल है। परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता देवी बख्श सिंह ने बताया कि समारोह में शस्त्र पूजन के बाद समाजसेवियों और मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, इंडो अमेरिकन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह, यूपी बार काउंसिल के सदस्य प्रदीप सिंह और सुनील भदौरिया समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

इस मौके पर परिषद के संरक्षक कृष्ण कुमार सिंह, अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, महामंत्री उदयभान सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवी बख्श सिंह, कृष्णपाल सिंह तथा युवा क्षत्रिय चेतना परिषद के अध्यक्ष अंशुमालि प्रताप सिंह और महामंत्री रणजीत सिंह भदौरिया समेत पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों के मुताबिक समारोह में क्षत्रिय समाज के डेढ़ हजार से अधिक बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

बिगुल 3.0: सीनियर खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम और टीमवर्क

सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता लखीमपुर खीरी





सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, लखीमपुर खीरी में ह्यबिगुल 3.0 आउटबाउंड ओलंपिया के तहत 'My Team, My Dream' थीम पर सीनियर वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। टग ऑफ वार, पुशअप पोज, हैंड टू हैंड बॉल पास सहित विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने दमखम, तालमेल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। अंग्रेजी माध्यम में विजन हाउस विजेता और वाइब्रेंट हाउस उपविजेता रहा। वहीं हिंदी माध्यम में स्वामी विवेकानंद हाउस प्रथम, सरदार पटेल हाउस द्वितीय तथा गुरु गोविंद सिंह हाउस उपविजेता रहा। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने टीमवर्क, नेतृत्व और आपसी विश्वास की मिसाल पेश की।

धौरहरा ईसानगर जमीन की बिक्री में धोखाधड़ी का आरोप, गाटा संख्या 1130 की जगह 678 का बैनामा दर्ज

सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता लखीमपुर खीरी

लखीमपुर खीरी। ईसानगर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत लौकाही मल्लापुर के मजरा सरावल निवासी छविलाल पुत्र धनेश्वर ने जमीन की बिक्री गायत्री पत्नी सानू बाजपेई के हाथ 7.11.2024 को मुद्रक एक लाख पैतालीस हजार रुपए में की थी जिसमें गाटा संख्या 1130 में 0.81 रकबा बिक्री किया गया था।जो जमीन तराई इलाके से थी। बैनामा में धोखाधड़ी किए गया 1130 की जगह 678 गाटा संख्या जो जमीन की कीमत लगभग दस लाख रुपए है उस जमीन पर कब्जा कर लिया है पीड़ित छविलाल काफी बुजुर्ग और निर्बल प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

छविलाल पुत्र धनेश्वर ने जमीन के बैनामे में गाटा संख्या बदलने का लगाया आरोप, मामले की जांच की मांग

पीड़ित के अनुसार, जमीन की बिक्री के दौरान गाटा संख्या 1130 की जगह गाटा संख्या 678 का बैनामा दर्ज करा लिया है इस मामले को लेकर जमीन की खरीद-बिक्री और बैनामे में दर्ज गाटा संख्या को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा राजस्व अभिलेखों और बैनामा दस्तावेजों का मिलान कराकर सही स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि संबंधित राजस्व एवं निबंधन विभाग के अधिकारी मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और जांच के बाद क्या कार्रवाई करते हैं।

अरौल में मातृशक्ति महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन, महिलाओं की उमड़ी भीड़

रचना सिंह गौतम ने जताया आभार, अपर्णा बंसल जैन ने महिलाओं के सम्मान और अधिकारों पर रखे विचार, इंजीनियर विनय यादव ने किया संचालन





अरौल, बिल्हौर (कानपुर नगर)। 209 बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के अरौल में मातृशक्ति महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आदरणीय अर्पणा बंसल जैन रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र की माताओं-बहनों, बुजुर्गों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की आयोजक एवं बिल्हौर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 12 वर्षों से जनता के बीच रहकर गरीबों और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों और क्षेत्र की जनता ने जिस तरह अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है, वही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। थाने और तहसील में दलाली की व्यवस्था खत्म करने के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

मुख्य अतिथि अर्पणा बंसल जैन ने कहा कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा, अधिकार और सामाजिक भागीदारी मजबूत करना जरूरी है। मातृशक्ति को समाज में बराबरी का अवसर मिलना चाहिए और उनकी आवाज को सम्मान के साथ सुना जाना चाहिए।

राष्ट्रीय प्रवक्ता नीतेन्द्र यादव ने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी और सम्मान को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। महिलाओं की समस्याओं को सुनना और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम का कुशल संचालन समाजवादी पार्टी के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र से आई माताओं-बहनों का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

समारोह का समापन महिलाओं के सम्मान, अधिकारों और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

कार्यक्रम का समापन मातृशक्ति के सम्मान, महिलाओं के अधिकारों तथा समाज में उनकी भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव बैकुंठ नाथ भारतीय, जिलाध्यक्ष सुलेखा यादव, पूजा यादव, महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव दीपशिखा सहित अनेक अतिथियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर आशीष कटियार ब्लॉक अध्यक्ष, कंचन पाल, आरपी पाठक, रुपेश कटियार, कपूर कटियार, ज्ञान चंद कोरी, अरुणा यादव, किरण सिंह, राहुल यादव, ऋषभ यादव जिलाध्यक्ष, शशिकांत पाल महासचिव, शादाब उपाध्यक्ष, साहिर हुसैन जाफरी उपाध्यक्ष, डॉ. उपदेश, शौर्य यादव, रमेश गौतम, डॉ अलोक शर्मा, हरेंद्र गौतम बंटी फयाज, बिहारी लाल यादव, बेरेंद्र वर्मा, मनीष कटियार, अनुज यादब, विमल कोरी, अनिल कुशवाह, आशा कुशवाहा,शंध्या पाल, सोनी यादव, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का समापन मातृशक्ति के सम्मान, अधिकार और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ को लेकर लखनऊ में 3 नवंबर को बिशाल पदयात्रा में शामिल होने लखीमपुर से जायेंगे करीब 5 हजार लोग



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ लखीमपुर खीरी। लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ को लेकर लखनऊ में आयोजित 3 नवंबर को विशाल पदयात्रा में जिले से पांच हजार कार्यकर्ता भाग लेने लखनऊ जाएंगे इसको लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रस्तुत के साथ बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष लोकतंत्र को खत्म करने के लिए अराजकता करके देश मैं माहौल खराब करना चाहता है इसी को लेकर भाजपा लखनऊ में लोकतंत्र बचाओ आराजकता हटाओ को लेकर पदयात्रा आयोजित कर रही है जिसमें जिले से चौपहिया वाहनो समेत बस से सभी मंडलों से कार्यकर्ता लखनऊ , पहुंच कर पदयात्रा में शामिल होंगे उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा ने देते हुए बताया की हर मंडल से 25 चौपाइयां वहां एवं प्रत्येक मंडल से तीन तीन बसों में कार्यकर्ता भरकर 3 नवंबर को लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होंगे इसके लिए आज भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने ने जिला पदाधिकारी को जिम्मेदारी देते हुए व्यवस्था को अंतिम रूप प्रदान किया तथा उन्होंने आने वाले समय में आयोजित कार्यक्रमों के विषय में भी विस्तार से बताते हुए उसके लिए भी तैयारी करने को कहा बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनोज वर्मा ने किया बैठक में कुलभूषण सिंह महामंत्री राजेश सिंह महामंत्री अनुराग मिश्रा उपाध्यक्ष आशू मिश्रा राम जी मौर्य संतोष कुमारी अमित सिंह राम आसरे शरद मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा उमेश शुक्ला युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम पांडे किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित अवस्थी, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद चौधरी शैलेश तिवारी सुमित मोदी महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रतिमा भदोरिया

अटल स्मृति पार्क में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन, 129 लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से किया गया लाभान्वित



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

कन्नौज। आमजन को विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल स्मृति पार्क में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा० जनपद न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपर जिला जज प्रथम श्री रवींद्र कुमार द्विवेदी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पौमेला श्रीवास्तवा, मुख्य विकास अधिकारी श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री विजय कुमार मिश्रा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रामेंद्र त्रिवेदी उपस्थित रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 129 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, स्वीकृति-पत्र, डेमो चेक एवं अन्य लाभ प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इनमें उद्यान, श्रम, उद्योग, ग्राम्य विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण, कृषि, मत्स्य, बैंक/अग्रणी जिला प्रबंधक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, नेडा, बेसिक शिक्षा विभाग, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला कार्यक्रम, आपूर्ति, पशु चिकित्सा, दुग्धशाला एवं प्रोबेशन विभाग आदि विभागों द्वारा पांच-पांच लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। वहीं खादी एवं ग्रामोद्योग तथा पंचायती राज विभाग द्वारा चार-चार, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा 10 तथा चिकित्सा विभाग द्वारा 15 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विधिक सहायता एवं जनगणना से संबंधित जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को विधिक अधिकारों, उपलब्ध सुविधाओं एवं जनगणना संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं लाभ वितरण की व्यवस्था की सराहना की।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश श्री नरेंद्र कुमार झा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान का मूल उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को न्याय, समानता एवं गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित करना है। शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं विशेष रूप से समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए बनाई गई हैं। ऐसे शिविरों का प्रमुख उद्देश्य आमजन को उनके अधिकारों, विधिक सहायता एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव में लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने शिविर में आए हुए गणमान्य जनों से कहा कि इस वृहद मेला में प्राप्त जानकारी को केवल अपने तक सीमित न रखें, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में जागरूक करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सकें। यदि किसी पात्र व्यक्ति को किसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को प्रार्थना-पत्र देकर अपनी समस्या से अवगत करा सकता है। ऐसे मामलों में आवश्यक कार्रवाई कर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

जनपद न्यायाधीश ने भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये अधिकार प्रत्येक नागरिक को सम्मान एवं गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपनी विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें तथा पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करें।

जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि इस वृहद शिविर का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के समन्वय से जनसामान्य को शासन की योजनाओं, नियमों, कानूनों एवं उपलब्ध सुविधाओं की समुचित जानकारी उपलब्ध कराना है।

लेट होने पर जय हिंद ने छात्रा को पहुँचाया परीक्षा केंद्र



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

कन्नौज- रविवार को पीईटी परिक्षा के चलते टीएसआई अरशद अली अपने अन्य कर्मचारियों के साथ प्रातः 06:00 बजे से ही सराय मीरा बस स्टाफ पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में मशगूल थे कि समय लगभग प्रातः 09:05 पर एक परीक्षार्थी (बालिका) बड़ी परेशान सी टीएसआई के पास पहुंची और बताया कि मेरा पेपर गवर्नमेंट इंटर कॉलेज उमरदा, इंदरगढ़ में प्रथम पाली में लगा है हमारी ट्रेन लेट हो गई और मुझे वहाँ पहुँचना है।हेल्प कर दीजिए मैं वहां कैसे जाऊं।उसकी बात सुनते ही टीएसआई ने कई ऑटो वालों से बात की लेकिन सभी में इतने कम समय में उमर्दा पहुंचना असंभव बताया।

तुरंत ही टीएसआई अरशद अली ने बिना देर किए अपने साथ ड्यूटी में नियुक्त आरक्षी यातायात जय हिंद से इतने कम समय में उस बच्ची को उमर्दा परीक्षा सेंटर तक पहुंचाने की कोशिश करने का आग्रह किया।

आरक्षी यातायात जय हिंद बिना देरी किए ही तत्काल अपनी मोटर साइकिल से उस बच्ची को लेकर उमर्दा रवाना हुए और उनकी कोशिश कामयाब भी रही जिससे समय रहते की उस बच्ची को गवर्नमेंट इण्टर कॉलेज उमर्दा,इन्दरगड तक लेकर पहुंच गए और उस बच्ची की परीक्षा केंद्र में एंट्री हो सकी।

चोरी के मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार, स्टेशन रोड से पुलिस ने दबोचा

टूंडला। अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत टूंडला पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शेरू पुत्र फहीम मोहम्मद (करीब 20 वर्ष), निवासी नारखी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे इलाहाबाद बैंक के पास स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

यह कार्रवाई एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। गिरफ्तारी के बाद थाना टूंडला पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह, उपनिरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार और मोहन सिंह शामिल रहे।

कोतवाली कन्नौज क्षेत्रान्तर्गत तिर्वा क्रॉसिंग से यातायात माह के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कन्नौज द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया यातायात माह का शुभारंभ।

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

कन्नौज-आज तिर्वा क्रॉसिंग कन्नौज से सड़क सुरक्षा माह (सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा) के अंतर्गत यातायात माह समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक कन्नौज, विनोद कुमार द्वारा तिर्वा क्रॉसिंग कन्नौज से यातायात प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और नागरिकों को सडको पर सुरक्षित रुप से चलने की प्रेरणा दी ।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित जन सामान्य को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा प्रत्येक छात्र/छात्रा को बताया कि वे अपने घर में जाकर अपने परिजनों से अवश्य अपील करें कि यातायात के नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, तेज रफ्तार से वाहन ना चलाएं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें, शराब पीकर वाहन ना चलाएं।



इस अवसर पर महोदय द्वारा बताया गया कि पूरे माह भर जिले में विभिन्न यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के पालन के लिए विशेष चेकिंग अभियान भी चलाए जाएंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जा सके। इस अवसर पर एक विशेष प्रस्तुति के तहत एक कलाकार यमराज के रूप में उपस्थित रहा। यमराज के रूप में प्रस्तुत कलाकार ने लोगों को यह संदेश दिया कि यातायात नियमों की अनदेखी गंभीर परिणामों का कारण बन सकती है। बिना हेलमेट के बाइक चलाना न केवल कानूनी उल्लंघन है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर सुरेश कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात शिल्पा वर्मा, यातायात प्रभारी कन्नौज, एनसीसी कैडेट व अन्य अधिकारी/पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।

यातायात माह का शुभारम्भ डीएम-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना

हेलमेट, सीट बेल्ट और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

ललितपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को जनपद में यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी ने रिजर्व पुलिस लाइन से यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तबारक हुसैन, नपाध्यक्ष तथा प्रभारी निरीक्षक यातायात आलोक कुमार तिवारी सहित यातायात पुलिसकर्मियों एवं अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। अधिकारियों ने सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी मार्ग पर आगे बढ़? से पहले दायीं और बायीं ओर देखकर रास्ता सुरक्षित होने पर ही वाहन आगे बढ़ाएं। बाइक से स्टंट करने तथा प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग करने से बचें। इसके अलावा पैदल राहगीरों को सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने और वाहनों की आवाजाही देखकर सावधानीपूर्वक सड़क पार करने के प्रति जागरूक किया गया। यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति भी लोगों को सचेत किया गया। कार्यक्रम के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन से यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके नियमित पालन के लिए प्रेरित किया गया। अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। तेज गति, नशे और लापरवाही से वाहन चलाने से बचें तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

जनगणना-2027 के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान, विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में स्टॉल व सेल्फी पॉइंट के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जनगणना-2027 के द्वितीय चरण हेतु की गई अपील प्रदर्शित की गई

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

जनपद कन्नौज में जनगणना - 2027 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 01 नवंबर 2026 को अटल पार्क, कलेक्ट्रेट परिसर, कन्नौज में आयोजित मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के अवसर पर जनगणनाझ2027 से संबंधित विशेष जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान जनगणना से संबंधित स्टॉल लगाकर बैनर, सेल्फी पॉइंट, जागरूकता पंपलेट एवं पुस्तिकाओं के माध्यम से आमजन को जनगणना - 2027 की महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी स्क्रीन पर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी, कन्नौज द्वारा जनगणना - 2027 के द्वितीय चरण हेतु की गई अपील प्रदर्शित की गईं। इन वीडियो संदेशों के माध्यम से जनगणना के राष्ट्रीय महत्व, स्व-गणना की सुविधा तथा जनसंख्या गणना के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को सहयोग देने का संदेश आमजन तक पहुँचाया गया। इस अवसर पर जनपद के मास्टर ट्रेनर श्री सस्मित द्विवेदी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जनगणना -2027 के महत्व, द्वितीय चरण की समय-सारणी एवं स्व-गणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद कन्नौज में जनगणना का प्रथम चरण, मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना, 22 मई से 20 जून 2026 के दौरान सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। अब द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की जाएगी।



उन्होंने बताया कि 16 से 30 नवंबर 2026 तक आमजन https://se.ceNsus.gov.iN पोर्टल के माध्यम से घर बैठे अपने परिवार की स्व-गणना कर सकते हैं। स्व-गणना पूरी होने पर प्राप्त रए क्कओ सुरक्षित रखने तथा घर आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराने के संबंध में भी जानकारी दी गई।

साथ ही बताया गया कि 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करेंगे। सभी परिवारों से सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को सहयोग देने का अनुरोध किया गया।

जनगणना के प्रचार-प्रसार को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर विशेष सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया। जनगणना संबंधी बैनर प्रदर्शित किए गए तथा जागरूकता पंपलेट एवं पुस्तिकाओं के माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया, महत्वपूर्ण तिथियों एवं जनगणना में सहभागिता के महत्व की जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त सरकारी वाहनों पर जनगणना -2027 के जागरूकता स्टिकर लगाए गए, ताकि जनगणना एवं स्व-गणना का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके।

जनगणना स्टॉल पर जनगणना जिला प्रभारी सुश्री अंशु साहू, जनपद के दोनों मास्टर ट्रेनर श्री सस्मित द्विवेदी एवं श्री मृदुल मिश्रा तथा जनगणना लिपिक श्री अखिलेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

इस जनजागरूकता अभियान के माध्यम से आमजन को जनगणना के राष्ट्रीय महत्व से परिचित कराते हुए स्व-गणना में अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति की सही गणना देश की विकास योजनाओं एवं संसाधनों के बेहतर नियोजन के लिए महत्वपूर्ण है।

हर व्यक्ति की गणना महत्वपूर्ण है, हर परिवार की भागीदारी आवश्यक है।

लायंस क्लब हापुड़ सुप्रीम के अध्यक्ष बने डी.डी. हरित,सचिव मोहित अग्रवाल व कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंघल

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ
हापुड़



हापुड़। लायंस क्लब हापुड़ सुप्रीम के तत्वावधान में रेलवे रोड स्थित टू नाइट रेस्टोरेंट में अधिष्ठापन समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठापन अधिकारी एवं प्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नवनीत अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डी.डी. हरित, सचिव मोहित अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंघल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आदित्य गुप्ता ने कहा कि लायंस क्लब सेवा और मानवता के लिए समर्पित अंतरराष्ट्रीय संस्था है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डी.डी. हरित ने सभी सदस्यों के सहयोग से सामाजिक सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। विशिष्ट अतिथि विनय सिसोदिया, पंकज बिजल्वान और स्टार ऑफ द ईवनिंग अरविंद संगल ने भी समाजसेवा के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि डॉ. अनिल बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर मनोज गोयल, रामकृष्ण, संजीव गुप्ता, विनीत गुप्ता, मोहित अग्रवाल, अभिषेक सिंघल और शैलेश सिंघल सहित कई पदाधिकारियों को इंटरनेशनल पिन देकर सम्मानित किया गया। अधिवक्ता मुकुल त्यागी ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ललित गोयल, नीरज अग्रवाल, प्रमोद जिंदल, अतुल अग्रवाल, विशाल मल्होत्रा, अंकुर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राम वन गमन, केवट संवाद और दशरथ मरण की लीला देख भाव-विभोर हुए दर्शक

बांसी में रामलीला आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह, कस्बा समेत आस पास के ग्रामीण नित्य प्रति करा रहे उपस्थिति दर्ज
›› आईएफएस में चयनित रजत त्रिपाठी ने की प्रथम आरती

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
ललितपुर। कस्बा बांसी में अरसे बाद रामलीला मंचन की शुरूआत को लेकर क्षेत्र वासियों में उत्साह बना हुआ है। वह नित्यप्रति आयोजन स्थल श्री हनुमानजी टौरिया मंदिर मेला मैदान में उपस्थित होकर समापन तक की लीला का अवलोकन कर रहे हैं। लीला आयोजन को लेकर बुजुर्ग एवं नौजवान कलाकारों ने मंथन किया और नवीन प्रयोगों का समावेश लीला मंचन में करते हुए दर्शकों की अपेक्षाएं पूरी करने का वीणा उठाया था। लीला अवलोकन



को केवल कस्बा बांसी के ही नहीं अपितु समीपवर्ती गांव के दर्शक भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के पांचवें दिन शनिवार को राम वन गमन, केवट संवाद और दशरथ मरण की मार्मिक लीला का मंचन किया गया। स्थानीय कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों को देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए। रामलीला देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। लीला में राजा दशरथ द्वारा भगवान राम के राज्याभिषेक की तैयारी, मंथरा के बहकावे में रानी कैकेयी द्वारा भरत को राजगद्दी और राम को 14 वर्ष का वनवास मांगने का प्रसंग का प्रस्तुतिकरण किया गया। राम, लक्ष्मण और सीता वनगमन के दौरान निषादराज गुह से मिलते हैं। गंगा तट पर केवट भगवान के चरण धोकर तीनों को नाव से पार कराता है। उतराई में माता सीता की अंगूठी देने पर केवट कहता है, हमने आपको गंगा पार उतारा है, आप हमें भवसागर से पार उतार देना। इसके बाद राम के वन से न लौटने का समाचार सुनकर राजा दशरथ राम-राम कहते हुए प्राण त्याग देते हैं। लीला का शुभारम्भ गणेश वंदना रामचरित मानस की आरती, भगवान राम लक्ष्मण सीता की आरती के साथ हुआ। पांचवे दिवस की आरती में 12 वर्ष तक रामलीला में राम का अभिनय करने वाले स्वर्गीय रामनारायण तिवारी के पुत्र कुलदीप तिवारी और उनके पौत्र, इसी वर्ष भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) में चयनित रजत त्रिपाठी ने श्रीराम की झांकी की आरती उतारी और दान दिया। लीला के प्रमुख पात्रों में राम-पार्थ रमाकांत गोस्वामी, लक्ष्मण-नमन सत्येंद्र बुंदेला, सीता-अभिनव राजेश झा, दशरथ-भाई जी, सुमंत्र-रामकिशोर बबेले, कैकेयी-सोनेजू बुंदेला, निषादराज-भानसिंह, केवट-जय सिंह और विश्वामित्र-नीरज गंगेले सहित सुनील नामदेव, निमित गुप्ता, लक्ष्य झा व अनिल गुप्ता ने अभिनय किया।

मिनी ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत, दो बच्चे भी हुए थे घायल

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
ललितपुर। शहर के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजघाट रोड पर स्थित एक प्रमुख विवाह घर के सामने आयशर मिनी ट्रक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में मृतक के साथ बाइक पर सवार उसके दो बच्चे भी घायल हुए थे। घटना के करीब 27 दिन बाद मृतक के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण में बताया गया है कि मध्य प्रदेश के सागर जिले के तिली वार्ड स्थित त्रिरूपतिपुरम कॉलोनी निवासी मनीष कुमार किलेदार अपने बड़े भाई ग्राम सिवनी खुर्द निवासी संजय कुमार चार अक्टूबर की शाम करीब 7.30 बजे अपनी मोटर

राजघाट रोड पर हुआ था हादसा, ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

साइकिल से जा रहे थे। बाइक पर उनके 11 वर्षीय पुत्र अजय और नौ वर्षीय पुत्री अपर्णा भी सवार थे। बताया गया कि जब संजय कुमार राजघाट रोड स्थित एक प्रमुख विवाह घर के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रहे आयशर मिनी ट्रक के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार संजय कुमार तथा उनके दोनों बच्चे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों और एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। संजय कुमार की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मध्य प्रदेश के सागर स्थित बंसल अस्पताल रेफर कर दिया। संजय कुमार पांच दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते रहे, लेकिन नौ अक्टूबर 2026 को उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे में घायल उनके दोनों बच्चों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मृतक के भाई मनीष कुमार किलेदार की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आयशर मिनी ट्रक चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 125(बी), 106 और 324(2) के तहत मामला पंजीकृत किया है।

तालबेहट में अवैध होर्डिंग्स लगाने के आरोप में एजेंसी संचालक पर मुकदमा

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
ललितपुर। नगर पंचायत तालबेहट क्षेत्र में विज्ञापन और होर्डिंग्स लगाने के नाम पर कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। बिना वैध टेंडर और अनुमति के होर्डिंग्स तथा प्रचार सामग्री लगाए जाने से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। प्राप्त जानकारी में बताया गया है कि वैध ठेकेदार के अधिकृत प्रतिनिधि की शिकायत पर तालबेहट पुलिस ने आरोपी एजेंसी के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झांसी के मास्टर कॉलोनी, बड़ागांव गेट बाहर निवासी सुयोग्य कुमार शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि नगर पंचायत तालबेहट द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए विज्ञापन एवं होर्डिंग्स का ठेका नियमानुसार आवंटित किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सनशाइन एजेंसी के संचालक राजेंद्र गुप्ता उर्फ राजू पोद्दार द्वारा पिछले करीब दो वर्षों से नगर पंचायत तालबेहट क्षेत्र में बिना वैध टेंडर अथवा अनुमति के विज्ञापन

सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने और वैध ठेकेदार के अधिकारों के हनन का आरोप

होर्डिंग्स और प्रचार सामग्री लगाई जा रही है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना तालबेहट पुलिस ने आरोपी राजेंद्र गुप्ता उर्फ राजू पोद्दार के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3) और 340(2) के तहत मामला पंजीकृत किया है।

हापुड़ में यातायात माह का शुभारंभ, एसपी ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी


सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ
हापुड़

हापुड़। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को नगर पालिका परिषद हापुड़ से हापुड़ में यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पुलिसकर्मियों के साथ एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया।
इस अवसर पर एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति से वाहन चलाने और मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की अपील की। यातायात माह के दौरान पुलिस की ओर से स्कूल-कॉलेजों सहित विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।
इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महेश कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात जितेंद्र शर्मा, यातायात प्रभारी नरेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

सदर विधायक राकेश गोस्वामी की पहल लाई रंग

कबरई से रिवई मार्ग पर चंद्रावल डैम के पास दीर्घ सेतु निर्माण हेतु शासन से मिली स्वीकृति

पहली किस्त के रूप में ग्यारह करोड़ छप्पन लाख रुपए शासन ने किए अवमुक्त



महोबा। सदर विधायक राकेश गोस्वामी की पहल पर विधानसभा महोबा क्षेत्र के अंतर्गत कबरई से रिवई मार्ग पर चंद्रावल डैम के पास दीर्घ सेतु पहुँच मार्ग निर्माण कार्य हेतु ?2312.38/- (तेईस करोड़ बारह लाख अड़तीस हजार) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है।इस दीर्घ सेतु निर्माण के लिए समस्त ग्रामवासियों में ग्राम शिवहार, कमलखेड़ा , बैहारी,बम्हौरी कला,बम्हौरी काजी,बारी,रैपुरा खुर्द,बरात पहाड़ी आदि लगभग 15 गांवों एवं स्थानीय निवासियों, ग्रामवासियों एवं किसानों की इस बड़ी समस्या को देखते हुए सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने इसके लिए निरंतर प्रयास किये जिसके लिए शासन ने ?1156.19/- (ग्यारह करोड़ छप्पन लाख) की पहली किस्त भी अवमुक्त कर दी गई है।इस अत्यंत महत्वपूर्ण सौगात के लिए सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज का हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है।सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि यह सेतु क्षेत्रवासियों के लिए आवागमन को अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगा तथा विकास की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगा।उन्होंने कहा कि यह सब जनता जनार्दन के सहयोग एवं विश्वास और आशीर्वाद से ही सम्भव हुआ है।

मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का हुआ आयोजन

वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लाभार्थियों को विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पहुंचाया गया लाभ

शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश रोहित सिन्हा द्वारा फीता काटकर किया गया



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा
महोबा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश महोबा की अध्यक्षता में जनपद महोबा के वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विभिन्न प्रशासनिक विभागों का सक्रिय सहयोग व प्रतिनिधित्व रहा। उक्त मेगा शिविर का शुभारम्भ माननीय जनपद न्यायाधीश रोहित सिन्हा द्वारा फीता काट कर किया गया तथा माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा आमजन को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का उद्देश्य निर्बल वर्ग, दिव्यांग बच्चों, महिलाओं,पुरूषों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति,इत्यादि लाभार्थियों हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी दी गई। हरिहर गुप्ता सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,महोबा द्वारा आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता अभियान,राष्ट्रीय लोक अदालत, नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया तथा शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण आंचल तक न्याय की पहुंच के लिए आमजन को जागरूक किया गया।उक्त शिविर में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान बच्चों द्वारा स्वागत गीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम आमजन को जागरूक किया।
उक्त मेगा शिविर में दिव्यांग विभाग द्वारा चिन्हित दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण कर लाभ पहुंचाया गया।समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हित लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन का प्रमाण पत्र वितरित किया गया,जिला पंचायतीराज विभाग द्वारा चिन्हित 70 लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया गया,कौशल विकास विभाग द्वारा चिन्हित 150 लाभार्थियों को, मत्सय विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को, जिला प्रोवेशन विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को, उद्यान विभाग द्वारा 05 लाभार्थियों को,राष्ट्रीय आजीविका मिशन महोबा द्वारा 40 लाभार्थियों को, यूपी नेडा (परियोजना विभाग) द्वारा 04 लाभार्थियों को, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 15 लाभार्थियों को, मण्डी समिति द्वारा 07 लाभार्थियों को,डाक विभाग द्वारा 04 लाभार्थियों को, अग्रणी बैंक प्रकोष्ठ महोबा द्वारा 57 लाभार्थियों को, श्रम विभाग द्वारा 04 लाभार्थियों को,जिला पूर्ति विभाग द्वारा 04 लाभार्थियों को, जिला कार्यक्रम अधिकारी महोबा द्वारा 11 लाभार्थियों को, जिला उद्योग विभाग महोबा द्वारा 10 लाभार्थियों को, तहसीलदार महोबा द्वारा 20 लाभार्थियों को, नगर पंचायत कबरई द्वारा 51 लाभार्थियों को, चिकित्सा विभाग महोबा द्वारा 05 लाभार्थियों को,कृषि विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को,शिक्षा विभाग महोबा द्वारा 05 लाभार्थियों को, तहसीलदार कुलपहाड़ द्वारा 11 लाभार्थियों को,डूडा विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को,व परिवहन विभाग द्वारा 06 लाभार्थियों को द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभ पंहुचाया गया।इसके अतिरिक्त समस्त विभागों द्वारा केनोपी/स्टॉल के माध्यम से आम-जनमानस को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी व विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा आमजनमानस को लाभान्वित किया गया।इस अवसर पर रोहित सिन्हा माननीय जनपद न्यायाधीश महोबा, अशोक कुमार यादव,प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय महोबा,ध्रुव राय,अपर जिला जज प्रथम महोबा, श्रीमती संदीप चौहान,अपर जिला जज (पॉक्सो कोर्ट) महोबा,तेन्द्र पाल,अपर जिला जज (एस0सी0/एस0टी0 कोर्ट) महोबा,श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी, अपर जिला जज (एफ0टी0सी0) महोबा,श्रीमती सर्वोत्तमा नगेश शर्मा,अपर जिला जज (एफ0टी0सी0-2016),नदीम अनवर,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोबा,नितिन कुमार राठी, सिविल जज (सी0डि0) महोबा, हरिहर गुप्ता सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा, श्रीमती प्रज्ञा सिंह, सिविल जज (सी0डि0-एफ0टी0सी0) महोबा, श्रीमती प्रियंका मौर्या,सिविल जज (जू0डि0) चरखारी,शिशिर कुमार यादव,सिविल जज (जू0डि0) कुलपहाड़,सुश्री नेहा अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम,सुश्री निकिता सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय,सिद्धिनाथ सिंह सेंगर सिविल जज(जू0डि0-एफ0टी0सी0) महोबा तथा उक्त मेगा शिविर में गठित प्रशासनिक कमेटी की अध्यक्षता के रुप में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार व नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महोबा सुखवीर सिंह व सदस्य के रूप में विभिन्न प्रशासनिक विभागों के पदाधिकारी, रविकान्त गौड़ पुलिस क्षेत्राधिकारी महोबा व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अपर्णा नायक, अध्यापिका द्वारा किया गया।तत्पश्चात हरिहर गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा द्वारा समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण व प्रशासनिक अधिकारीगण का आभार व्यक्त किया गया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने शोक संतृप्त परिवारों से मिलकर ढांढस





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा
महोबा। बीते दिनों महोबा विधानसभा 230 के अंतर्गत कबरई कस्बे के इंद्रा नगर निवासी जितेंद्र रैकवार की सड़क पर अनियंत्रित तरीके से चल रहे ट्रक से हृदय विदारक मृत्यु व छानी कलां गांव निवासी गया प्रसाद के आकस्मिक निधन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व महोबा विधानसभा 230 के संभावित प्रत्याशी दद्दू प्रसाद ने शोक संतृप्त परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।उन्होंने दोनों मृतकों के परिवारिजनों से मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।उन्होंने कहा कि जनपद महोबा के कबरई कस्बे में खनिज विभाग की घोर लापरवाही व मिली भगत से प्रतिदिन कोई न कोई हादसा होता ही रहता है।उन्होंने कहा कि बिना रॉयल्टी अदा किए हुए सड़क पर खुला ट्रक घूम रहे है।जो महोबा से दूसरे जनपदों में गिट्टी व मोरंग सहित बालू सप्लाई करते है।ये ट्रक रोजाना तेज रफ्तार से घोर लापरवाही करते हुए तेज गति से चलते हुए सैकड़ों लोगों के परिवारों को एक्सीडेंट में उजाड़ते है।

कबरई पत्थर मंडी में ओवर लोड ट्रकों का है आतंक:दद्दू प्रसाद
वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद सहित मृतक के परिजनों व स्थानीय लोगों का आरोप है कि कबरई पत्थर मंडी में कथित खनन माफिया के प्रभाव के बीच ओवरलोड वाहनों का संचालन लगातार जारी है।भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पर चलने वाले आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो रही है।पूर्व कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी महोबा से मांग की है कि इन दर्दनाक हादसों का तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराई जाए।

संत कबीरदास जी के पदचिह्नों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि: जे0पी0 अनुरागी

कुलपहाड़ में संत कबीर सेवा समिति की बैठक का हुआ आयोजन



समाज पर हो रहे अत्याचारों को कतई नहीं किया जाएगा बर्दाश्त:जे०पी० अनुरागी

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
रिपोर्ट,महोबा



महोबा। संत कबीर सेवा समिति की बैठक का आयोजन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी बाबू अनुरागी द्वारा निर्मित पुस्तकालय भवन कुलपहाड़ में किया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने पहुंचकर सहभागिता की।
सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष जे०पी० अनुरागी ने संत कबीर साहब व झलकारी बाई के साथ बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प माला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य संत कबीर साहब के पद चिन्हों पर चलने व कोरी समाज की समिति गठित करने तथा समाज में व्याप्त बुराइयों एवं जुआ शराब को छुड़ाकर अपने बच्चों को पढ़ाना लिखाना शिक्षित करने पर विशेष रूप से जोर दिया गया।वहीं जिला पंचायत
अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने राजनैतिक भागीदारी के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आरक्षण हमारा अधिकार है, इसे हम लेकर रहेंगे।कोरी समाज पर हो रहे अत्याचारों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी बाबू अनुरागी ने की।कार्यक्रम का सफल संचालन अरविंद अनुरागी ने किया।उक्त आयोजित कार्यक्रम में कबीर सेवा समिति के जगदीश प्रसाद,मातादीन अनुरागी,ग्राम प्रधान अजनर नन्हेराम अनुरागी,गया प्रसाद अनुरागी
सहित सैकड़ों की संख्या में कोरी समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अरविंद कुमार अनुरागी ने किया।

बालाजी कोचिंग सेंटर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह



सूर्योदय भास्कर
बिल्हौर के उत्तरी पूरा स्थिति सेवा मंदिर इंटर कालेज में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही विद्यार्थियों को निश्चित ही युवाओं की प्रतिभा, परिश्रम एवं संकल्प ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। इस अवसर पर सेवा मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाध्यापक सतीश चंद्र कठेरिया घनश्याम कुशवाहा डायरेक्टर बालाजी कोचिंग सेंटर), मंडल अध्यक्ष पुरा अनुपम सिंह मंडल अध्यक्ष शिवराजपुर नरेंद्र सिंह राजपूत सुरेंद्र दीक्षित अध्यक्ष भूमि विकास बैंक, चौबेपुर), शिवम गौतम (जिला पंचायत सदस्य), राधन तनु पांडेय रवि श्रीवास्तव कृष्ण कुमार मिश्रा नील कमल चौहान सुरेंद्र दिवाकर अमित पाल सहित क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे

पशु खरीदने मथुरा जा रहे 2 भाइयों से 2.40 लाख की लूट, असरा के जंगल में वारदात से मचा हड़कंप

लूट का खुलासा करने के लिए पुलिस ने 4 टीमें की गठित



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ
हापुड़

हापुड़। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव असरा के जंगल में शनिवार की रात में पशु खरीदने मथुरा जा रहे मेरठ निवासी दो भाइयों से 2 लाख 40 हजार रुपये लूट लिए गए। बदमाशों ने पेट्रोल खत्म होने का बहाना बनाकर उनका छोटा हाथी वाहन रुकवाया और तमंचे के बल पर वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के लिए अनुसार मेरठ जनपद के थाना मुंडाली क्षेत्र के गांव लोटी निवासी संदीप अपने भाई आकाश के साथ शनिवार रात छोटा हाथी वाहन में सवार होकर भैंस खरीदने मथुरा जा रहे थे। रास्ते में गांव असरा के जंगल के पास बाइक सवार एक युवक ने हाथ देकर उनका वाहन रुकवाया और पेट्रोल खत्म होने की बात कहकर मदद मांगी। आरोप है कि वाहन रुकते ही बदमाशों ने दोनों भाइयों को हथियारों के बल पर अपने कब्जे में ले लिया और उनके पास रखे 2.40 लाख रुपये लूट लिए। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर बदमाश फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी मधुबन कुमार सिंह, एएसपी मुकेश कुमार, सीओ सिटी और थाना हापुड़ देहात प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र में बदमाशों की तलाश में कॉबिंग अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

चार पुलिस टीमें गठित, जल्द खुलासे का दावा

अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात ग्राम असरा के जंगल में मेरठ के थाना मुंडाली क्षेत्र निवासी दो पशु व्यापारियों से तीन बदमाशों ने 2 लाख 40 हजार रुपये लूटे हैं। पीड़ितों की तहरीर के आधार पर थाना हापुड़ देहात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस जल्द ही घटना का पदार्फाश करने का प्रयास कर रही है।

सिरसागंज को पर्यटन के मानचित्र पर मिलेगी नई पहचान, 6.45 करोड़ के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने वेद उपवन पार्क और जदुद्वारा स्थल का किया लोकार्पण, नगर पालिका के 2.37 करोड़ के विकास कार्यों का भी किया शिलान्यास





सिरसागंज - सिरसागंज को पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ओंकारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में 6 करोड़ 45 लाख 58 हजार रुपये की लागत से विकसित वेद उपवन पार्क और जदुद्वारा स्थल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर पालिका परिषद सिरसागंज की ओर से 2 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से कराए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं से सिरसागंज में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के साथ ही नागरिकों, विद्यार्थियों और युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।पर्यटन विभाग द्वारा वेद उपवन पार्क का विकास 4 करोड़ 38 लाख 18 हजार रुपये तथा जदुद्वारा स्थल का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण 2 करोड़ 7 लाख 40 हजार रुपये की लागत से कराया गया है। वेद उपवन पार्क को विशेष रूप से वेदों की थीम पर विकसित किया गया है। इसकी संरचना, साज-सज्जा और वातावरण भारतीय वैदिक संस्कृति एवं परंपराओं को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

वहीं नगर पालिका परिषद सिरसागंज द्वारा करहल रोड पर 1 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से डिजिटल लाइब्रेरी, 76 लाख रुपये से चिल्ड्रेन पार्क तथा 23 लाख रुपये की लागत से नगर पालिका परिषद में रिकॉर्ड रूम का निर्माण कराया जाएगा। डिजिटल लाइब्रेरी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों और युवाओं को आधुनिक अध्ययन सुविधाएं मिलेंगी, जबकि चिल्ड्रेन पार्क बच्चों के मनोरंजन एवं खेलकूद के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध कराएगा।

समारोह को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन स्थलों के विकास, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा स्थानीय स्तर पर पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल घूमने-फिरने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, रोजगार के अवसर पैदा करने और क्षेत्र के समग्र विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

उन्होंने कहा कि सिरसागंज क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। वेद उपवन पार्क को वेदों की थीम पर विकसित करना भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में सार्थक प्रयास है। यह पार्क आने वाले समय में सिरसागंज की विशिष्ट पहचान बनेगा। वहीं जदुद्वारा स्थल के विकास एवं सौंदर्यीकरण से इस स्थल का आकर्षण बढ़ेगा और यहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उनका लाभ आमजन तक पहुंचाना है। नगर पालिका द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी, चिल्ड्रेन पार्क और रिकॉर्ड रूम के निर्माण से नगरवासियों को सुविधाएं मिलेंगी। विशेष रूप से डिजिटल लाइब्रेरी विद्यार्थियों और युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सिरसागंज क्षेत्र के विकास और पर्यटन की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी संतोष शर्मा ने कहा कि जनपद फिरोजाबाद में विकास की संभावनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। किसी भी क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। वेद उपवन पार्क और जदुद्वारा स्थल का विकास सिरसागंज के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इन परियोजनाओं से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ ही जनपद की पर्यटन संबंधी संभावनाओं को भी नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा कराया जा रहा है। पर्यटन मंत्री के मार्गदर्शन और शासन के सहयोग से जनपद में पर्यटन विकास की दिशा में आगे भी सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इन सार्वजनिक स्थलों को अपनी संपत्ति समझें तथा इनके संरक्षण, स्वच्छता और बेहतर रखरखाव में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, नगर पालिका चेयरमैन रंजना गुरुदत्त सिंह, महेश मित्तल, राकेश मित्तल, रमाकांत गुप्ता, आदेश पोरवाल, जिला महामंत्री अजीत राजपूत, जिला उपाध्यक्ष बाले यादव, मातादीन धनगर, मनोज जैन होंडा, जिला पंचायत सदस्य राजीव राजपूत, हरविलास शर्मा, विजेंद्र सिंह बेबी, मोनू कुशवाह, ज्योति गुप्ता , सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे ।

संडीला में पत्रकारों के लिए आधुनिक प्रेस क्लब बनवाने का प्रयास करूंगा : जीपी सिंह राना

>> पत्रकार सम्मान समारोह में बोले भाजपा नेता, एनएच-731 से अस्पताल तक संपर्क मार्ग और शहर को जाम से निजात दिलाने का भी उठाया मुद्दा



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो रिपोर्ट
संडीला (हरदोई)। पत्रकार समाज की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के साथ ही लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संडीला में पत्रकारों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेस क्लब की व्यवस्था होनी चाहिए। यदि पार्टी ने अवसर दिया और जनता का आशीर्वाद मिला तो इसके निर्माण के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। यह बात पूर्व लोकसभा संयोजक मिश्रिख-हरदोई एवं भाजपा नेता जीपी सिंह राना (गोविंद प्रताप सिंह) ने संडीला के मोनार्क होटल में आयोजित पत्रकार बंधु सम्मान समारोह में कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश सिंह सोमवंशी और पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष लालचंद चौरसिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। दोनों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इसके साथ ही उपस्थित सभी पत्रकारों को भी माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

जीपी सिंह राना ने कहा कि लंबे समय से संडीला में पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब की आवश्यकता महसूस की जा रही है। लखनऊ और हरदोई समेत दूसरे स्थानों से आने वाले पत्रकारों के बैठने और ठहरने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होना चाहिए। इसके लिए सरकार से मांग करेंगे और जरूरत पड़ी तो स्वयं भी पत्रकारों के साथ खड़े होंगे। उन्होंने पत्रकारों से निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ जनसमस्याओं को उठाते रहने की अपील की।

समारोह में क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। पत्रकारों ने एनएच-731 से अस्पताल तक समुचित संपर्क मार्ग नहीं होने का मुद्दा उठाया। बताया कि बस, निजी वाहन और एंबुलेंस को अस्पताल पहुंचने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। इस पर राना ने सर्वे कराकर समस्या के समाधान के लिए प्रयास करने की बात कही।

संडीला में लंबे समय से बनी जाम की समस्या पर उन्होंने कहा कि शहर के बाहर से भारी वाहनों के आवागमन की व्यवस्था होने से अंदरूनी यातायात का दबाव कम किया जा सकता है। हालांकि व्यापारियों के हितों और बाजार तक लोगों की पहुंच का भी ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने बेहतर सड़क और कनेक्टिविटी को क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक बताया।

नजदीक प्रस्तावित नए एयरपोर्ट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसकी ब्रांडिंग और बेहतर कनेक्टिविटी पर ध्यान देने की जरूरत है। इससे संडीला में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों का सम्मान केवल एक आयोजन तक सीमित नहीं होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को सामने लाने में पत्रकारों का योगदान महत्वपूर्ण है। इसी भावना के साथ पत्रकार बंधु सम्मान समारोह आयोजित कर सभी का अभिनंदन किया गया।

द्वि- दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में जिलाधिकारी फिरोजाबाद ने भारतीय संस्कृति अपनाने को किया प्रेरित



सिरसागंज - राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय , सिरसागंज , फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश में संस्कृति विभाग,उ.प्र. एवं राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसागंज, फिरोजाबाद के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ह्यभारतीय रामकाव्यः परम्परा, संस्कृति और वैश्विक परिप्रेक्ष्यह्व के प्रथम दिन चतुर्थ सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष कुमार शर्मा जिलाधिकारी फिरोजाबाद उपस्थित रहे। जिलाधिकारी का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कांति शर्मा ने अंग वस्त्र पहना कर और स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया। उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक का स्वागत प्रोफेसर राधे श्याम ने अंग वस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर के किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति और मूल्यों का विज्ञानिक दृष्टिकोण समझते हुए अपने जीवन में अपनाने के लिये श्रोता एवं छात्राओं को प्रेरित किया साथ ही अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के पूर्व निर्देशक के रूप में किए गए कार्यों का अनुभव साझा किया। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के प्रबंधक सलाकार डॉ आशुतोष द्विवेदी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। सरगम कला केंद्र फिरोजाबाद की डॉ स्नेहा लता और उनकी टीम ने रामकथा और राम भजन पर संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विभिन्न महाविद्यालयो से आये मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अनुपम सिंह, डॉ चंद्र पाल और डॉ आशुतोष राय ने अपने विचार साझा किये। डॉ राधे श्याम सिंह समन्वयक एवं डॉ सुरेश चंद्र सह - समन्वयक और डॉ अभिषेक प्रकाश संयोजक,

एवं डॉ कृष्ण मोहन पाठक ने सह संयोजक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। डॉ सनी कुमार वर्मा एवं डॉ सोनल भार्गव ने आयोजक सचिव के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाहन किया। श्री अतुल भदौरिया ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अन्य महाविद्यालयों से आये वक्ता, शिक्षक, शोधार्थी और छात्राएं राष्ट्रीय संगोष्ठी में उपस्थित रहे।

दिल्ली से आगरा पहुंचने में 59 मिनट,बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को मंजूरी;

>> प्रस्तावित हाईस्पीड रेल कॉरिडोर पर विभिन्न शहरों के बीच यात्रा का समय,



केंद्र सरकार ने देश के प्रस्तावित हाईस्पीड रेल नेटवर्क के नॉर्दर्न कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वाराणसी में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह कॉरिडोर दिल्ली से शुरू होकर आगरा, कानपुर, लखनऊ और अयोध्या होते हुए वाराणसी, पटना, सिलीगुड़ी और गुवाहाटी तक जाएगा।

इसके अनुसार दिल्ली से आगरा पहुंचने में 59 मिनट, कानपुर में एक घंटा 45 मिनट और लखनऊ पहुंचने में दो घंटे 12 मिनट लगेंगे। वाराणसी से प्रयागराज का सफर 33 मिनट, लखनऊ का एक घंटा 21 मिनट और पटना का सफर एक घंटे में पूरा हो सकेगा। वाराणसी से दिल्ली की यात्रा तीन घंटे 33 मिनट और आगरा की यात्रा दो घंटे 34 मिनट में पूरी होने का अनुमान है।

रेल मंत्री के अनुसार परियोजना को मेक इन इंडिया की अवधारणा के अनुरूप विकसित किया जाएगा। इसमें भारतीय इंजीनियरों, तकनीशियनों और श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा।

हालांकि, कॉरिडोर की मंजूरी के बाद अभी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, निर्माण लागत, भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य शुरू होने तथा पूरा होने की समयसीमा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी सामने आना बाकी है।

हाईस्पीड रेल नेटवर्क से आगरा की दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों से कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। इसका लाभ पर्यटन, व्यापार, उद्योग और निवेश को मिल सकता है। ताजमहल सहित विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक स्मारकों के लिए देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी तेज और सुविधाजनक परिवहन का विकल्प मिलेगा। बेहतर रेल संपर्क से आगरा में व्यावसायिक गतिविधियों और रोजगार के नए अवसर विकसित होने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

रामलीला मैदान खाली करो के नारों से गुंजा चांदनी चौक

विपक्षी दलों की रैली के विरोध में जय भगवान गोयल के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन, काले झंडों के साथ निकाला विरोध मार्च

>> टाउन हॉल से रामलीला मैदान की ओर कूच कर रहे भारी संख्या में प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने लालकिला के पास बैरिकेडिंग कर रोका
>> सिक्खों का अपमान बंद करे कांग्रेस - जय भगवान गोयल



गाजियाबाद नई दिल्ली, 1 नवंबर 2026। ग्लोबल वैश्य फेडरेशन के चेयरमैन एवं यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल के नेतृत्व में आज चांदनी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल पर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा रामलीला मैदान में आयोजित रैली के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में काले झंडे लेकर विपक्षी दलों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की तथा टाउन हॉल से रामलीला मैदान की ओर विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी जब गौरीशंकर लाल मंदिर होते हुए लाल किला पहुंचें तो वहां पहले से मौजूद पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जय भगवान गोयल ने कहा कि 1 नवंबर 1984 का दिन सिख समाज के इतिहास में एक अत्यंत पीड़ादायक और काले अध्याय के रूप में दर्ज है। इस दिन सिख विरोधी दंगों में अपने परिजनों को खोने वाले हजारों परिवारों की दर्दनाक स्मृतियां आज भी जीवित हैं। ऐसे संवेदनशील दिन पर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा राजनीतिक रैली आयोजित करना सिख दंगा पीड़ित परिवारों की भावनाओं को आहत करने वाला कदम है।

व्यापारी समाज की समस्याओं को उठाते हुए गोयल ने कहा कि बार-बार राजनीतिक रैलियों, विरोध प्रदर्शनों और मार्ग अवरोधों के कारण दिल्ली के व्यापारियों, दुकानदारों, छोटे कारोबारियों एवं दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय व्यापारियों की आजीविका प्रभावित करना तथा उनके परिवारों के आर्थिक हितों की अनदेखी करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

गोयल ने कहा, ह्यहमारी दीपावली काली मत करो, हमारे व्यापार पर और हमारे बच्चों के पेट पर लात मत मारो। राजनीतिक स्वार्थों के लिए व्यापारियों की रोजी-रोटी से खिलवाड़ करना बंद करो।ह्न

धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने ह्यरामलीला मैदान खाली करोह्न, ह्य1984 के दंगा पीड़ित सिख परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कना बंद करोह्न, ह्यव्यापारियों की रोजी-रोटी पर प्रहार बंद करोह्न, ह्यज्ञानेश कुमार का अपमान बंद करोह्न तथा ह्यवोट चोरी के नाम पर देश की जनता को गुमराह करना बंद करोह्न जैसे नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया।

गोयल ने कहा कि यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट एवं ग्लोबल वैश्य फेडरेशन राष्ट्रहित, सनातन संस्कृति, व्यापारी समाज के सम्मान तथा संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा के लिए सदैव आवाज उठाते रहेंगे।

इस अवसर पर महंत श्याम गिरि महाराज तलवार वाले बाबा, चैतन्यदेव महाराज, महंत अरनाथ महाराज, धर्मेन्द्र बेदी, रिन्कू मित्तल, ईश्वर चौधरी, अवध कुमार, सुबोध बिहारी, कपूर सिंह, सतनाम सिंह प्रधान, दीदार सिंह, विनोद गुप्ता, भरत लाल शर्मा, अभिषेक मिश्रा, सुनील गुप्ता, जय भगवान गर्ग, रजनी गुप्ता, ऋषि वर्मा, लक्ष्मी देवी, ओमवती, पूनम, विपत, दीपक कश्यप, पूनम कश्यप, हरे राम, कृश्णा गुप्ता, संजय मन्जू, कृपा शंकर, सुरेश चंद गुप्ता आदि पदाधिकारी अपने कार्यकताओं सहित उपस्थित थे।

2027 में फिर बनेगी भाजपा की सरकार, कार्यकताओं की मेहनत से मिलेगी जीत- विजय पाल आढ़ती



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ
हापुड़

हापुड़। गढ़ रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भाजपा की ओर से दीपावली मिलन समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक विजय पाल आढ़ती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से वर्ष 2027 में प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

विधायक ने क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण, पुलों, नवोदय विद्यालय, आधुनिक स्टेडियम, जेल और पुलिस लाइन के निर्माण कार्यों का उल्लेख किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने कार्यकताओं से चुनावी तैयारियों में जुटने और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान किया।

पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. विकास अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। कार्यक्रम का संचालन अजय भास्कर ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक जयप्रकाश, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय त्यागी, सांसद प्रतिनिधि अशोक बबली, सुनील वर्मा, कपिल सिंघल, प्रशांत त्यागी, शैलेंद्र त्यागी, कुणाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

2027 में फिर बनेगी भाजपा की सरकार, कार्यकताओं की मेहनत से मिलेगी जीत- विजय पाल आढ़ती

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ
हापुड़

हापुड़। गढ़ रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भाजपा की ओर से दीपावली मिलन समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक विजय पाल आढ़ती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से वर्ष 2027 में प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

विधायक ने क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण, पुलों, नवोदय विद्यालय, आधुनिक स्टेडियम, जेल और पुलिस लाइन के निर्माण कार्यों का उल्लेख किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने कार्यकताओं से चुनावी तैयारियों में जुटने और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान किया।

पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. विकास अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। कार्यक्रम का संचालन अजय भास्कर ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक जयप्रकाश, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय त्यागी, सांसद प्रतिनिधि अशोक बबली, सुनील वर्मा, कपिल सिंघल, प्रशांत त्यागी, शैलेंद्र त्यागी, कुणाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

02/11/2026 का दैनिक पंचाँग बरेली।

शक संवत : पराभव १९४८
विक्रम सम्वत रौद्र : २०८३
गुजराती सम्वत पिंगल : २०८२
द्रिक अयन : दक्षिणायण
वैदिक अयन : दक्षिणायण
द्रिक ऋतु : हेमन्त ऋतु
वैदिक ऋतु : शरद ऋतु
मास : कार्तिक
पक्ष : कृष्ण
बिशेष : भानु सप्तमी, अहोई अष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी, अश्वेषा नक्षत्र के मूल २८:३० बजे से आरम्भ।
तिथि : सप्तमी १४:५१ तक, तत्पश्चात अष्टमी।
नक्षत्र : पुष्य नक्षत्र २८:३०+ तक, तत्पश्चात अश्वेषा नक्षत्र।
योग : साध्य योग १४:३९ तक, तत्पश्चात शुभ योग।
दिशाशूल : पश्चिम दिशा की ओर।
सूर्योदय ०६:२४ पर।
सूर्यास्त : १७:२८ पर।
सूर्य तुला राशि में।
सूर्य स्वाती नक्षत्र में
चन्द्रोदय : २३:३२ पर
चन्द्रास्त : १२:३३ पर
चन्द्रमा कर्क राशि में।
राहुकाल : १६:०५ - १७:२८ तक
गण्ड मूल : अश्वेषा नक्षत्र के मूल २८:३०+ बजे से आरम्भ।
अग्निवास : पृथ्वी लोक में १४:५१ तक, तत्पश्चात आकाश लोक में।
भद्रावास : नहीं
चन्द्र वासः उत्तर में
शिववास : शमशान में १४:५१ तक, तत्पश्चात गौरी के साथ।
निम्न राशियों के लिए उत्तम चन्द्रबलम्
वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ
अभिजीत मुहूर्त : ११:३४ से १२:१८ तक
सुविचार :-
कः कालः कानि मित्राणि को देशः कौ व्ययागमौ।
कश्चाहं का च मे शक्तिरिति चिन्त्यं मुहुर्मुहुः॥
सही समय, सही मित्र,सही ठिकाना,पैसे कमाने के सही साधन,पैसे खर्चा करने के सही तरीके और अपने ऊर्जा स्रोत पर गौर जरूर करें,भविष्य में यही काम आएंगे।
ॐ श्री परमात्मने नमः।
जय श्री हरि शुभ सन्ध्या।

चुनाव आयोग को देश के लोगों के संवैधानिक अधिकारों को नहीं छीनना चाहिए : कांग्रेस

13 करोड़ मतदाताओं को सूची से हटाने पर चुनाव आयोग को घेरा

नई दिल्ली, । कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा कि 'इंडिया' ब्लॉक का विरोध प्रदर्शन नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है, न कि किसी राजनीतिक दल के लिए। विपक्षी नेता दिल्ली के रामलीला मैदान में मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) के खिलाफ विरोध जताने के लिए इकट्ठा हुए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में शशि थरूर ने कहा कि यह पार्टियों की बात नहीं है, यह कांग्रेस की बात नहीं है, यह एक बहुत ही सीधा सा संदेश है कि चुनाव आयोग को भारत के लोगों के संवैधानिक अधिकारों को नहीं छीनना चाहिए।

उन्होंने जो किया, वह पूरी तरह से गलत है, आप 130 मिलियन (13 करोड़) मतदाताओं को सूची से नहीं हटा सकते। यह स्वीकार्य नहीं है, हमें एक बिल्कुल साफ-सुथरी मतदाता सूची चाहिए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आगे कहा कि हम देश के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं।' कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस एक शांतिप्रिय पार्टी है। संविधान हमने ही बनाया है, इसलिए संविधान की रक्षा करना कांग्रेस का कर्तव्य है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय राय ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा। इंडिया' ब्लॉक ने 'एसआईआर' प्रक्रिया के विरोध में रामलीला मैदान में प्रदर्शन किया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं की संख्या में कथित कमी को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी मान लिया है कि 1 करोड़ 27 लाख वोट कम हो गए हैं। उन्हें यह बात कब याद आई जब वह एमएलसी चुनाव हार गए। भाजपा के 'डबल इंजन' नारे पर तंज कसते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग 'डबल इंजन' की बात करते थे, वे खुद 'डबल जीरो' हो गए हैं। वे सिर्फ 'डबल जीरो' ही नहीं हुए, बल्कि एक बार हारने के बाद उसे स्वीकार भी नहीं कर पाए। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने आगे आरोप लगाया कि इन लोगों ने चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत की और दूसरी बार वोटों की गिनती करवाई। डेटा के स्रोत पर सवाल उठाते हुए अखिलेश ने कहा कि और इन सबके बाद, क्या याद रखा जा रहा है कि 1 करोड़ 27 लाख वोट हिंदुओं के नहीं हैं। उन्हें यह बात कहां से पता चली। उन्हें यह डेटा किसने दिया। ऐसा डेटा कोई ऐसी चीज नहीं है जो सड़क पर पड़ी मिल जाए या कोई राह चलता व्यक्ति आपको लाकर दे दे।



देश के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं हम : शशि थरूर

भाजपा मानवता की दुश्मन : पप्पू यादव



नई दिल्ली। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुगलों ने हमारी सभ्यता पर और अंग्रेजों ने संसाधनों पर हमला किया था और उन्हें जाना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह मानवता के दुश्मन हैं। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि मुगलों ने हमारी सभ्यता और संस्कृति पर हमला किया, अंग्रेजों ने हमारे खनिज संसाधनों से लेकर हमारी सामाजिक व्यवस्था पर हमला किया। गए कि नहीं। रावण गया कि नहीं, यजीद गया कि नहीं, कंस गया कि नहीं, यह बुद्ध की धरती है। यह शिव और कृष्ण की धरती है। यह मोहम्मद और गुरु गोविंद सिंह, सावित्रीबाई फुले, कबीर, भगत सिंह, सुभाष बोस, चंद्रशेखर आजाद, गांधी और नेहरू की धरती है। यह धरती शहादत की धरती है। उन्होंने कहा कि जब लोकतंत्र पर हमले हुए हैं, संविधान पर हमले हुए हैं, ये लोग तो पहले ही संविधान को जला चुके हैं। झंडे नहीं लगाए, यह तो मनुस्मृति वाले लोग हैं। मानवता के सबसे बड़े दुश्मन हैं। मंदिर के चढ़ावे में चोरी की गई। मुगल तो बाहर से आकर कुछ तोड़कर गए, ये तो हमारे बनाए हुए मंदिर में ही चोरी कर रहे हैं।

देश में लागू है अघोषित इमरजेंसी : नसीम सिद्दीकी

मुंबई, । सपा नेता आजम खान की जेल से रिहा होते ही फिर गिरफ्तारी पर एनसीपी-एसपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नसीम सिद्दीकी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस सरकार में देश में अघोषित इमरजेंसी लागू है। 24 घंटे के अंदर न्याय को पलट दिया जा रहा है। नसीम सिद्दीकी ने कहा कि इस देश में अघोषित इमरजेंसी लागू है।

नाम देखकर हो रहा न्याय

एक तरफ अगर न्याय व्यवस्था किसी को न्याय देती है तो उसे 24 घंटे के अंदर दोबारा किस तरीके से सलाखों के पीछे भेजा जाए, उस बारे में पहले ही सोच लिया जाता है। यदि वह शख्स मुस्लिम समुदाय का है तो उसकी रिहाई से पहले ही उसकी गिरफ्तारी की सारी साजिशें मुकम्मल कर ली जाती हैं। उन्होंने कहा कि आजम खान को एक तरफ जमानत मिली, लेकिन दूसरी तरफ सरकार ने फिर से उन्हें वहीं भेजने का काम किया। यह अन्याय देश बहुत दिनों तक नहीं सहेगा। वो बिल्कुल सही कह रहे हैं। अगर यह प्रॉपर्टी किसी राम प्रसाद की होती, किसी आलोक कुमार की होती, किसी ज्ञानेश कुमार की होती तो न तो प्रॉपर्टी अटैच की जाती और न आजम खान को फिर से गिरफ्तार किया जाता। इस देश में नाम देखकर न्याय हो रहा है। जब से न्याय की देवी की आंखों पर से पट्टी हटी है, तब से न्याय देवी को भी अच्छी तरीके से मालूम पड़ जाता है कि आने वाला याचिकाकर्ता अब्दुल है, उमर खालिद है या फिर कोई रामचंद्र है।

पीएसी अध्यक्षों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे ओम बिरला

केरलम के तिरुवनंतपुरम में कल होगा सम्मेलन



नई दिल्ली, । लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को केरलम के तिरुवनंतपुरम में संसद तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडलों की लोक लेखा समितियों (पीएसी) के सभापतियों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा सचिवालय की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उद्घाटन सत्र में केरलम के मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केरलम विधानसभा के अध्यक्ष थिरुवनचूर राधाकृष्णन तथा केरलम विधानसभा की लोक लेखा समिति के सभापति के. एन. बालगोपाल उपस्थित रहेंगे और सम्मेलन को संबोधित करेंगे। संसद की लोक लेखा समिति के सभापति के. सी. वेणुगोपाल स्वागत भाषण देंगे, जबकि केरलम विधान सभा की उपाध्यक्ष शानिमोल उस्मान धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करेंगी। सम्मेलन में संसद तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडलों की लोक लेखा समितियों के सभापतियों एवं सदस्यगण तथा अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दो दिवसीय सम्मेलन में 'लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं सुशासन-लोक लेखा समिति की उभरती भूमिका' विषय पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान अनुभवों को साझा करने, श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों के आदान-प्रदान तथा सार्वजनिक व्यय पर विधायी निगरानी सुनिश्चित करने और शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देने में लोक लेखा समितियों की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उपायों पर सार्थक चर्चा होगी। सार्वजनिक व्यय की जांच करने तथा यह सुनिश्चित करने वाली कि जनधन का उपयोग विधायिका की मंशा एवं स्वीकृति के अनुरूप हो, लोक लेखा समितियां जवाबदेही और उत्तरदायी शासन के सिद्धांतों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कर्नाटक में पांच नवम्बर से बस बढ़ेगा किराया

बेंगलुरु। कर्नाटक के परिवहन मंत्री बायरथी सुरेश ने रविवार को घोषणा की कि राज्य द्वारा संचालित परिवहन बसों का किराया पांच नवम्बर से बढ़ाया जाएगा। किराए में कितनी बढ़ोतरी होगी, इसका फैसला चार नवम्बर को होने वाली एक बैठक में लिया जाएगा। परिवहन मंत्री ने चिकबल्लापुर में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि चार नवम्बर को परिवहन विभाग और राज्य के चार परिवहन निगमों के अधिकारियों की एक बैठक होगी, जिसमें किराए में बढ़ोतरी की मात्रा तय की जाएगी। किराए में प्रस्तावित बढ़ोतरी का बचाव करते हुए सुरेश ने कहा कि चारों परिवहन निगमों को कुल मिलाकर लगभग 9,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और इनका सालाना नुकसान करीब 2,000 करोड़ रुपए आंका गया है।

उज्जैन के होटल में टैंक की सफाई के दौरान हादसा



जहरीली गैस से चार कर्मचारियों की मौत

उज्जैन, । मध्य प्रदेश के उज्जैन में एक निजी होटल में फूड वेस्ट टैंक की सफाई के दौरान चार श्रमिकों की जान चली गई। इस हादसे पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के 4-4 लाख रुपए आर्थिक मदद देने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सीएम मोहन यादव की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया, 'उज्जैन में एक निजी होटल में चैंबर की सफाई के दौरान हुई दुर्घटना में चार लोगों के दुखद निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगतों को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। अनिल फिरोजिया की ओर से एक्स पोस्ट में लिखा गया, 'उज्जैन में देवास रोड स्थित एक निजी होटल में सफाई कार्य के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से चार सफाई कर्मचारियों की असमय मृत्यु का समाचार अत्यंत हृदयविदारक एवं दुःखद है। इस दर्दनाक हादसे में चार परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। इस अपूरणीय क्षति से मन व्यथित है।

तमिलनाडु में 1.50 लाख करोड़ की शहरी विकास योजना को मंजूरी

सरकार ने ठोस कचरा प्रबंधन के लिए तीन हजार करोड़ रुपए किए आवंटित

चेन्नई, । तमिलनाडु सरकार ने पांच साल के शहरी विकास कार्यक्रम को लागू करने का आदेश जारी किया है, जिसकी लागत करीब 1.50 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है। इसमें सबसे ज्यादा निवेश सड़कों, सीवेज सिस्टम और पेयजल आपूर्ति पर होगा। बजट में इसे 'प्रधानमंत्री एकीकृत शहरी विकास योजना' के रूप में घोषित किया गया था। इस कार्यक्रम का लक्ष्य सभी शहरी स्थानीय निकायों में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा बनाना है। इसके तहत बुनियादी सेवाओं में सुधार, पर्यावरण बहाली, सार्वजनिक स्वास्थ्य और शहरी निगरानी को एक ही फ्रेमवर्क में लाया गया है। शहरी सड़कों और परिवहन के लिए सबसे बड़ा आवंटन 60,000 करोड़ रुपए रखा गया है, इसके बाद सीवेज बुनियादी ढांचे के लिए 50,000 करोड़ रुपए। पेयजल परियोजनाओं के लिए 30,350 करोड़ रुपए तय किए गए हैं। सरकार ने ठोस कचरा प्रबंधन के लिए 3,000 करोड़ रुपए दिए हैं। जलाशयों की बहाली और सामाजिक बुनियादी ढांचे के लिए 2,000-2,000 करोड़, जबकि हरित क्षेत्र विकास और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल को 1,500-1,500 करोड़ आवंटित किए गए हैं। इसका एक मुख्य उद्देश्य हर घर तक पानी की आपूर्ति का कनेक्शन सुनिश्चित करना है।



नगर निगम क्षेत्रों में 24 घंटे आपूर्ति और नगर पालिकाओं में तीन घंटे आपूर्ति की परिकल्पना की गई है। इन सेवाओं को देने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उपाय भी किए जाएंगे। इस योजना में भूमिगत सीवरेज नेटवर्क का पूरा कवरेज भी लक्ष्य है। पर्यावरणीय पहलों में पांच करोड़ पौधे लगाना और अड्यार और कूवम नदियों सहित जलाशयों को बहाल करना शामिल है। अन्य प्रस्तावित कार्यों में पशु नसबंदी केंद्र स्थापित करना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-सक्षम सीसीटीवी कैमरे लगाना शामिल है। तमिलनाडु शहरी वित्त और बुनियादी ढांचा विकास निगम, जिसे टीयूएफआईडीसीओ के नाम से जाना जाता है।

नौ नवम्बर को तमिलनाडु में सरकारी छुट्टी घोषित

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने दीपावली के अगले दिन 9 नवम्बर को सरकारी दफ्तरों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए छुट्टी घोषित की है, ताकि त्योहार के लिए अपने गृहनगर गए लोगों की वापसी आसान हो सके। इस साल दीपावली 8 नवम्बर को मनाई जा रही है। सोमवार को अतिरिक्त छुट्टी मिलने से छात्रों, माता-पिता, शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों को परिवार के साथ जश्न मनाने के बाद लौटने के लिए ज्यादा समय मिलेगा। सरकारी आदेश के अनुसार, यह छुट्टी पूरे तमिलनाडु में सभी सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों पर लागू होगी। अतिरिक्त छुट्टी की भरपाई के लिए 28 नवम्बर को कामकाजी दिन घोषित किया गया है। इस फैसले से आदेश के दायरे में आने वाले लोग रविवार को जश्न के तुरंत बाद यात्रा करने के बजाय सोमवार को अपनी वापसी की योजना बना सकेंगे एक साथ यात्रा करने वाले परिवारों के लिए यह सरकारी कर्मचारियों और छात्रों की छुट्टी व्यवस्था को भी एक जैसा बनाता है।

पेज एक का शेष...

ज्ञानेश के बाद मोदी व शाह...

वोट चोरी देश की आत्मा पर हमला है। उन्होंने भीड़ की तरफ इशारा करते हुए कहा कि यह तो शिव जी की बारात है, जिसमें कोई भी आ सकता है, लेकिन भाजपा व आरएसएस के लोग चाहते हैं कि देश कुछ लोगों के हाथों में ही रहे। विपक्ष ऐसा भारत नहीं चाहता है, जिसमें सिर्फ दो-चार लोगों का ही सब कुछ हो। हालत यह है कि किसान जब कर्ज मांगता है तो उसे भारी मुसीबत झेलनी पड़ती है, लेकिन कुछ पूंजीपतियों का हजारों करोड़ रूपए का कर्ज एक झटके माफ कर दिया जाता है। जिन लोगों ने भी देश की संपत्ति अदाणी को सौंपी है और आम नागरिकों को वोट चुराया है, उन्हें हिसाब तो देना ही पड़ेगा। ज्ञानेश को पद से हटाना तो देश को पटरी पर लाने का पहला कदम होगा। इतना ही नहीं राहुल ने कहा कि विपक्ष यह चाहता है कि हर देशवासी को उसके मेहनत का फल मिले और जो व्यक्ति कतार के अंतिम में खड़ा है, उसके अधिकारों की हिफाजत हो। इस मौके पर उन्होंने इस महा रैली के शांतिपूर्ण तरीके से निपटने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि जनता एक अच्छा संदेश दिया है। इसके पहले उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया था कि उसने आसपास के मार्केट में जानबूझ कर दुकानें बंद करवा दीं, वरना रैली में आने वाले लोग त्योहारों के लिए कुछ खरीदारी करते।

सभी जगह बेईमानी कर सरकार बनाई : खरगे

इसके पहले खरगे ने भी सरकार व भाजपा निशाना साधते हुए कहा कि वोट चोरों को सत्ता से बाहर किए बिना लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा नहीं हो सकेगी। उन्होंने महाराष्ट्र, हरियाणा व प. बंगाल आदि विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कि सभी जगह बेईमानी कर सरकार बनाई गई। सरकार और भाजपा चाहते जितना एजेंसियों व ताकत का इस्तेमाल करे, लेकिन विपक्ष इससे डरने वाला नहीं है। वहीं अखिलेश का कहना था कि भाजपा चाहती है कि सिर्फ उसके सदस्यों का नाम ही वोटर लिस्ट में हो और बाकी नागरिकों को बाहर कर दिया जाए,लेकिन प. बंगाल में जिस तरह से चुनाव लूटा गया, उसके बाद लोगों को सच्चाई समझ में आ गई है। यूपी में वर्ष 2022 के चुनाव में भी भाजपा ने यही किया था। चुनाव में फोर्स लगा कर लोगों को धमकाया जाता है। यूपी उपचुनाव में तो पुलिस अधिकारी ने महिलाओं पर रिवाल्वर तान दी थी,ताकि वे डर कर वोट न डालें। यह तस्वीर हर किसी के दिमाग में अभी तक बसी हुई है। साथ ही उन्होंने शाह के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि जब जमीन ही नहीं बची है तो अंगद का पैर कैसे रखेंगे? उन्होंने मंदिर चढ़ावा चोरी और महंगाई के मुद्दे पर भी भाजपा पर जमकर हमला किया।

अयोग्यता की मांग करेगी राजद : मनोज झा



बिहार में निर्दलीय एमएलसी के भाजपा में शामिल होने पर राजद सांसद ने उठाए सवाल

पटना, । बिहार विधान परिषद चुनाव में निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले राहुल राज और बंशीधर ब्रजवासी के भाजपा के समर्थन दिए जाने के बाद सियासी विवाद गहरा गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने दोनों नवनिर्वाचित विधान पार्षदों को अयोग्य घोषित करने की मांग करते हुए विधान परिषद के सभापति से हस्तक्षेप करने की अपील की है। राजद के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता और सांसद मनोज कुमार झा ने रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित होने के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होना संविधान की दसवीं अनुसूची के प्रावधानों के तहत अयोग्यता का आधार है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मामले को विधान परिषद के सभापति के समक्ष उठाएगी और जरूरत पड़ने पर अदालत का भी दरवाजा खटखटाएगी। झा ने कहा कि दोनों निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव जीतने के बाद भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से संबंधित पर्ची प्रदर्शित की थी। मनोज कुमार ने दावा किया कि इस घटनाक्रम के वीडियो और अन्य साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि समर्थन देने और किसी राजनीतिक दल की सदस्यता ग्रहण करने में अंतर है तथा संविधान के प्रावधानों के अनुसार निर्दलीय सदस्य किसी दल में शामिल नहीं हो सकता। उन्होंने संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2 (2) और अनुच्छेद 191 (2) का उल्लेख किया।

मुद्दे को जनता के बीच भी उठाएगा राजद

राजद सांसद ने कहा कि राजद इस मुद्दे को जनता के बीच भी उठाएगा। उन्होंने इसे जनादेश की चोरी बताते हुए कहा कि भाजपा ने जदयू को राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक करने के लिए यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भी इस मामले में परीक्षा है। झा ने कहा कि यदि संवैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन को संरक्षण दिया गया, तो जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने विधान परिषद के सभापति से आग्रह किया कि वे किसी दल के प्रतिनिधि के बजाय निष्पक्ष पीठासीन पदाधिकारी की भूमिका निभाएं।

कर्नाटक ने मनाया 71वां राज्योत्सव



बेंगलुरु, । कर्नाटक में रविवार को 71वां कन्नड़ राज्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरे राज्य में नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने कन्नड़ भाषा, जमीन, पानी और संस्कृति को नमन किया। कन्नड़ राज्योत्सव, जिसे कर्नाटक स्थापना दिवस के रूप में भी जाना जाता है, हर साल 1 नवम्बर को मनाया जाता है। 1 नवम्बर 1956 को दक्षिण भारत के सभी कन्नड़ भाषी क्षेत्रों को मिलाकर राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत एक एकीकृत राज्य बनाया गया था। मूल रूप से इसका नाम मैसूर राज्य था, जिसे 1 नवंबर 1973 को कर्नाटक नाम दिया गया। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कर्नाटक राज्योत्सव के अवसर पर विधान सौधा परिसर में भुवनेश्वरी देवी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की।

त्रिपुरा निकाय चुनाव में भाजपा व टिपरा मोथा लड़ेंगे एक साथ

मुख्यमंत्री ने हिंसा के खिलाफ दी चेतावनी



अगरतला, । त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टी टिपरा मोथा, आगामी शहरी स्थानीय निकाय चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बैनर तले एक साथ मिलकर लड़ने पर सहमत हो गई हैं। यह निर्णय रविवार को राज्य अतिथि गृह में दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं के बीच हुई एक बैठक में लिया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राजग सहयोगियों के बीच तालमेल बढ़ाना और निकाय चुनावों के लिए एक साझा रणनीति तैयार करना था। बैठक की अध्यक्षता करने वाले त्रिपुरा के बिजली मंत्री रतन लाल नाथ ने बातचीत को सकारात्मक बताया और कहा कि दोनों पक्ष मिलकर चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि टिपरा मोथा ने भाजपा के सामने कुछ प्रस्ताव रखे हैं जिन्हें अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य नागरिक चुनावों में राजग के सभी घटकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने याद दिलाया कि टिपरा मोथा ने पहले ही राजग के बैनर तले चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने संगठनात्मक तैयारियों, चुनावी रणनीति, समन्वय और उम्मीदवार चयन की समीक्षा के लिए भाजपा की राज्य इकाई की एक अलग बैठक की अध्यक्षता की। राजनीतिक हिंसा के खिलाफ कड़ी चेतावनी देते हुए, साहा ने कहा कि भाजपा हिंसा की किसी भी घटना या शांतिपूर्ण चुनावी माहौल को बिगाड़ने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगी। धलाई जिले के कमलपुर में मापका कार्यकर्ताओं पर हुए हमलों की खबरों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं स्वीकार्य नहीं हैं।

राजनीति सत्ता, विचारधारा व नेतृत्व को लेकर नेकां के भीतर गहराया असंतोष

रुहुल्लाह मेहदी की चेतावनी से नेकां के भविष्य पर उठे सवाल

जम्मू, । **जम्मू-कश्मीर की सत्ताधारी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के भीतर सत्ता, विचारधारा और नेतृत्व को लेकर गहराता असंतोष अब पार्टी के भविष्य पर सवाल खड़े करने लगा है। श्रीनगर के सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने चेतावनी दी है कि डा. फारूक अब्दुल्ला के बाद नेशनल कांफ्रेंस का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। उनका कहना है कि पार्टी आज जिस भी स्वरूप में बची हुई है, उसकी वजह फारूक अब्दुल्ला का व्यक्तित्व है।**

उनके बाद पार्टी का टिक पाना मुश्किल है। रुहुल्लाह की इस टिप्पणी को महज एक नाराज नेता की राजनीतिक प्रतिक्रिया कहकर खारिज करना आसान नहीं है। दरअसल, तीन नवम्बर को पार्टी और लोकसभा सदस्यता छोड़ने की उनकी घोषणा ने नेकां के भीतर गहरे वैचारिक मतभेदों को उजागर कर दिया है। उनका आरोप है कि पार्टी ने अनुच्छेद-370 की बहाली, राजनीतिक कैदियों की रिहाई और जम्मू कश्मीर के संवैधानिक अधिकारों को लेकर जनता से किए वादे पूरे नहीं किए। रुहुल्लाह की चेतावनी में दम इसलिए भी नजर आता है कि नेकां का राजनीतिक नेतृत्व लंबे समय से अब्दुल्ला परिवार के इर्द-गिर्द केंद्रित रहा है। हालांकि, पार्टी का मजबूत कैडर, ऐतिहासिक जनाधार और क्षेत्रीय पहचान उसकी दूसरी ताकतें हैं। इसलिए फारूक अब्दुल्ला के बाद नेकां का अंत तय मानना जल्दबाजी होगी। असली चुनौती उत्तराधिकार की नहीं, बल्कि भरोसे, विचारधारा और संगठनात्मक लोकतंत्र की है। यदि नेतृत्व इन सवालों का जवाब नहीं देता तो रुहुल्लाह की चेतावनी भविष्य की राजनीतिक हकीकत बन सकती है। असल सवाल यह नहीं कि फारूक अब्दुल्ला के बाद नेकां बचेगी या नहीं, बल्कि यह है कि क्या पार्टी अब्दुल्ला परिवार के प्रभाव से आगे बढ़कर एक स्वतंत्र संगठनात्मक पहचान बना पाएगी? रुहुल्लाह की चेतावनी में नेतृत्व के केंद्रीकरण और वैचारिक कमजोरी को लेकर गंभीर सच्चाई है, लेकिन पार्टी के तत्काल राजनीतिक अंत की भविष्यवाणी अतिशयोक्ति होगी। नेकां का भविष्य अब इस बात पर निर्भर करेगा कि उमर अब्दुल्ला विरासत को संगठनात्मक मजबूती में बदल पाते हैं या नहीं। यही पार्टी के अस्तित्व की असली कसौटी होगी। यह मतभेद दिसम्बर 2024 में तब खुलकर सामने आया, जब रूहुल्लाह श्रीनगर में उमर अब्दुल्ला के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ शामिल हो गए। ये छात्र जम्मू-कश्मीर की आरक्षण नीति के खिलाफ विरोध कर रहे थे। यह विरोध प्रदर्शन उन छात्रों और नौकरी के उम्मीदवारों द्वारा आयोजित किया गया था, जो आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग कर रहे थे। उनका तर्क था कि ओपन-मेरिट (सामान्य श्रेणी) के उम्मीदवारों के लिए सीटों और सरकारी नौकरियों का हिस्सा बहुत कम हो गया है। इसके बाद सांसद रूहुल्लाह ने चुनी हुई सरकार पर दबाव डाला कि वह इन चिंताओं का समाधान करे। उन्होंने कार्रवाई के लिए समय-सीमा तय की और चेतावनी दी कि अगर मुद्दा हल नहीं हुआ, तो वे आगे होने वाले विरोध प्रदर्शनों में भी शामिल होंगे।



□ फारूक अब्दुल्ला के बाद संकट में पड़ सकता है नेकां का अस्तित्व